दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी




वार 2 के ट्रेलर रिलीज ......




रणबीर के साथ सेल्फी .........

वर्ष : 11 | अंक : 218 | लखनऊ, 25 जुलाई, शुक्रवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# 2047 तक भारत बनेगा विकसित : अमित शाह

## देश को 23 साल बाद मिली नई सहकारिता नीति

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को एक नई राष्ट्रीय सहकारी नीति का अनावरण किया, जो पिछले 23 वर्षों से लागू एक नीति का स्थान लेगी। यह उस विभाग के लिए एक और मील का पत्थर साबित होगी जिसकी भूमिका नरेंद्र मोदी सरकार के तहत लगातार बढ़ रही है। सहकारिता मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, नई नीति देश में सहकारिता को मजबूत करने के केंद्र के उद्देश्य का हिस्सा है और 2025-45 तक यानी अगले दो दशकों के लिए भारत के सहकारिता आंदोलन में एक मील का पत्थर साबित होगी।

अमित शाह ने कहा कि आज राष्ट्रीय सहकारिता नीति-2025 का शुभारंभ हुआ है। 2002 में, भारत सरकार ने सहकारिता नीति पेश की थी। उस समय भाजपा की सरकार थी। और आज, 2025 में, भाजपा सरकार द्वारा दूसरी सहकारिता नीति लाई गई है। उन्होंने कहा कि सरकार का दृष्टिकोण, जो भारत को, उसके विकास को, और भारत के विकास के लिए आवश्यक सभी कारकों को समझता है, वही सहकारी क्षेत्र को महत्व दे सकता है...यदि देश और अर्थव्यवस्था की मूल इकाई समृद्ध, रोजगारयुक्त और संतुष्ट है, तो वह आर्थिक मॉडल कभी विफल नहीं हो सकता।

शाह ने जोर देकर कहा कि सहकारिता नीति बनाते समय इस बात का ध्यान रखा गया कि नीति का केंद्रबिंदु लोग, गाँव, कृषि, गाँव की महिलाएँ, दलित, आदिवासी हों। एक वाक्य में कहें तो इसका विजन सहकारिता की समृद्धि के माध्यम से 2047 तक एक विकसित भारत का निर्माण करना है। इसका मिशन पेशेवर, पारदर्शी, तकनीकी, ज़िम्मेदार और आर्थिक रूप से स्वतंत्र तथा सफल लघु सहकारी इकाइयाँ विकसित करना है। हम हर गाँव में कम से कम एक सहकारी संस्था के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने 2027 में भारत को विश्व के तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाने का लक्ष्य रखा है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम इस लक्ष्य तक जरुर पहुंच जाएंगे। सबका सामूहिकता के साथ विकास हो, सबका समविकास हो और सबके विकास के माध्यम से देश का विकास हो- ऐसा मॉडल बनाना भारत का और भाजपा का मूल विचार है। इसलिए मोदी जी ने सहकारिता मंत्रालय बनाया। उन्होंने कहा कि विगत 4 वर्षों में सहकारिता मंत्रालय की अनेक उपलब्धियां रही, मगर इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि है कि आज देश की छोटी से छोटी सहकारी इकाई का सदस्य गर्व के साथ खड़ा हो गया है।

गृह मंत्री ने कहा कि चार वर्षों के अंदर 'कोआपरेटिव सेक्टर' ने 'कॉर्पोरेट सेक्टर' के समान अधिकार मिले हैं। एक जमाने में अर्थतंत्र के जानकारों ने सहकारिता को डायिंग सेक्टर घोषित कर दिया था। आज वही लोग कहते हैं कि सहकारिता का भी फ्यूचर है। लेकिन मैं सभी को कहना चाहता हूँ कि सहकारिता का भी फ्यूचर है नहीं, सहकारिता का ही फ्यूचर है। उन्होंने कहा कि देश के 140 करोड़ लोगों को साथ लेकर देश का समविकास करने की क्षमता केवल सहकारिता में ही है। छोटी-छोटी पूंजी वाले अनेक लोगों को मिलाकर बड़ी पूंजी बनाकर एक उद्यम स्थापित करने की क्षमता केवल सहकारिता में है। सहकारी नीति बनाते समय यह ध्यान में रखा गया कि नीति का केंद्र-बिंदु व्यक्ति हो... हमारे किसान, दलित और महिलाएं हो।

# उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर फेरबदल

## 19 आईएएस अधिकारियों की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के पद पर तैनाती

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। प्रदेश सरकार ने गुरुवार को 19 आईएएस अधिकारियों को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के पद पर तैनाती दे दी है। ये अधिकारी वर्तमान में सहायक कलेक्टर के पद पर तैनात थे। जौनपुर की सहायक कलेक्टर इशिता किशोर को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बरेली बनाया गया है। कन्नौज की सहायक कलेक्टर स्मृति मिश्रा को ज्वाइंट कमिश्नर के पद पर बिजनौर भेजा गया है। नियुक्ति विभाग की ओर से जारी आदेश में सहायक कलेक्टर अयोध्या स्वाति शर्मा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आगरा, सहायक कलेक्टर गोरखपुर शिशिर कुमार सिंह को अलीगढ़, सहायक कलेक्टर सुलतानपुर वैशाली को कन्नौज, सहायक कलेक्टर लखनऊ गुंजिता अग्रवाल को बाराबंकी, सहायक कलेक्टर सीतापुर नितिन सिंह को वाराणसी, सहायक कलेक्टर प्रयागराज अनुभव सिंह को कानपुर नगर भेजा गया है। इसी तरह, वाराणसी के सहायक कलेक्टर साई आश्रित शाखमुरी को बदायूं, सहायक कलेक्टर मेरठ नारायणी भाटिया को हरदोई, सहायक कलेक्टर फर्रूखाबाद महेन्द्र सिंह को मीरजापुर, मुजफ्फरनगर के सहायक कलेक्टर चलुवराजु आर को लखीमपुर खीरी के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बनाया गया है। बाराबंकी की सहायक कलेक्ट काव्या सी को इटावा, झांसी के दीपक सिंघनवाल को गाजियाबाद, अलीगढ़ के साहिल कुमार को लखनऊ भेजा गया है। मथुरा के रिंकू सिंह राही को शाहजहांपुर, प्रयागराज की भारती मीणा को प्रयागराज में ही ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बनाया गया है। मेरठ में तैनात प्रतीक्षा सिंह को अंबेडकरनगर और मुजफ्फरनगर में तैनात थामिनी एम.दास को सीतापुर में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के पद पर नई तैनाती दी गई है।

| | |
|---|---|
| **मौसम** | |
| अधिकतम तापमान | 42.c |
| न्यूनतम तापमान | 29.c |
| **बाजार** | |
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 82,530.74 |
| निफ्टी | 25,062.10 |

# राष्ट्रपति मुर्मू ने झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कलाकारों से की मुलाकात

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रपति भवन में झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कलाकारों के एक समूह से मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि सोहराय, पट्टचित्र और पटुआ क्षेत्र के ये 29 कलाकार 14 से 24 जुलाई तक राष्ट्रपति भवन में रहे। राष्ट्रपति कार्यालय ने बयान में कहा, ह्यह्यझारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कलाकार राष्ट्रपति भवन के कला उत्सव 2025 - आवासीय कलाकार कार्यक्रम के दूसरे संस्करण में भागीदार थे। बयान के मुताबिक यह कार्यक्रम भारत की कलात्मक परंपराओं की भावना का उत्सव है। यह सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने और भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने में जीवंत कला परंपराओं की महत्वपूर्ण भूमिका की पुनः पुष्टि है। कला उत्सव ने लोक, जनजातीय और पारंपरिक कलाकारों को भी एक मंच प्रदान किया, जिन्होंने पीढ़ियों से कला के विविध रूपों को जारी रखा है। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने निवास कार्यक्रम के दौरान कलाकारों द्वारा निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी देखी। उन्होंने भारत के महत्वपूर्ण पारंपरिक कला क्षेत्रों में इन कलाकारों केयोगदान की सराहना की और साथ ही उनके भविष्य के कलात्मक प्रयासों में सफलता की कामना की।

# लोकसभा में एसआईआर को लेकर विपक्ष का हंगामा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, संसद के मानसून सत्र के चौथे दिन, गुरुवार को, विपक्षी सांसदों ने बिहार मतदाता सूची संशोधन के मुद्दे पर राज्यसभा और लोकसभा दोनों में कार्यस्थगन और कार्यस्थगन के नोटिस पेश किए। संजय सिंह, रंजीत रंजन, अखिलेश प्रसाद सिंह और अन्य विपक्षी सांसदों ने अपने-अपने सदनों में नोटिस पेश कर बिहार मतदाता सूची संशोधन मुद्दे पर तत्काल चर्चा के लिए प्रश्नकाल स्थगित करने और तत्काल कार्यस्थगन का आग्रह किया।

विपक्षी दलों के सांसदों ने बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को लोकसभा में हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही आरंभ होने के सात मिनट बाद ही अपराह्न दो बजे तक स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही विपक्षी दलों के सदस्य हंगामा करने लगे। विपक्षी सांसदों ने आसन के निकट पहुंचकर नारेबाजी की और तख्तियां लहराईं, जिन पर एसआईआर विरोधी नारे लिखे हुए थे।

उन्होंने बिहार में एसआईआर की कवायद पर तत्काल चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया। सदन में शोर-शराबे के बीच ही पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने प्रश्नकाल के दौरान कुछ पूरक प्रश्नों के उत्तर दिए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से अपने स्थान पर जाने और सदन चलने देने की अपील की।

उन्होंने कहा, आपसे पहले भी कहा गया है कि प्रश्नकाल महत्वपूर्ण समय होता है। इसमें जनता के महत्वपूर्ण सवाल होते हैं और सरकार की जवाबदेही होती है...कई सांसदों ने कहा कि उनका प्रश्नकाल के दौरान मुश्किल से प्रश्न आता है और आप लोग नारेबाजी करते हैं। बिरला ने कांग्रेस का नाम लिए बगैर कहा कि इतने पुरानी राजनीतिक दल के लोग इस तरह का व्यवहार कर रहे हैं, उसे पूरा देश देख रहा है। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने करीब 11 बजकर सात मिनट पर सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## संक्षिप्त समाचार

### समुद्री आत्मनिर्भरता: नौसेना प्रमुख ने 100वें स्वदेशी जहाज की आपूर्ति की सराहना की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने नौसेना को हाल में स्वदेशी डिजाइन वाले 100वें जहाज की आपूर्ति की बुधवार को सराहना करते हुए इसे न केवल संख्या के लिहाज से बड़ी उपलब्धि बताया, बल्कि इसे समुद्री आत्मनिर्भरता, तकनीकी उत्कृष्टता और रणनीतिक दूरदर्शिता की दिशा में भारत की यात्रा का एक प्रतीकात्मक प्रमाण भी करार दिया। त्रिपाठी ने नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो (डब्ल्यूडीबी) द्वारा यहां मानेकशॉ सेंटर में आयोजित जहाज निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण संबंधी एक संगोष्ठी में डिजिटल माध्यम से दिए गए अपने संबोधन में यह बात कही।

### सोनिया समेत कई विपक्षी सांसदों ने एसआईआर के खिलाफ संसद परिसर में प्रदर्शन में भाग लिया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, विपक्षी इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के कई घटक दलों के सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध करते हुए बृहस्पतिवार को संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। संसद के मकर द्वार के निकट आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और कई अन्य दलों के सांसद शामिल हुए। विपक्षी सांसदों ने एक बड़ा बैनर भी ले रखा था, जिस पर एसआईआर- लोकतंत्र पर वार लिखा हुआ था।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी श्रद्धा का संगम बन रही है अमरनाथ यात्रा

### बड़ी संख्या में आ रहे हैं विदेशी युवा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, भारत की आध्यात्मिक धरोहर और धार्मिक आस्था का एक अनूठा उदाहरण है अमरनाथ यात्रा, जो न केवल देश के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है, बल्कि अब यह विदेशों से आने वाले आस्थावान पर्यटकों और आध्यात्मिक जिज्ञासुओं को भी अपनी ओर खींच रही है। हम आपको बता दें कि अमेरिका और जर्मनी तथा अन्य कुछ देशों से आए 9 विदेशी युवाओं के एक समूह ने इस पवित्र यात्रा में भाग लिया, जो भारतीय आध्यात्मिकता की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है।

पश्चिमी देशों से आए युवा पर्यटक किसी पर्यटन एजेंसी द्वारा प्रेरित होकर नहीं, बल्कि अपनी अंतरात्मा की आवाज और भारतीय आध्यात्मिकता के प्रति आकर्षण से खींचे चले आए। ये युवा अमरनाथ की कठिन यात्रा, बर्फीली पहाड़ियों और ऊँचाई पर स्थित पवित्र गुफा तक पहुंचने के लिए मानसिक और आध्यात्मिक रूप से भी पूरी तरह समर्पित दिखाई दिये। इन विदेशी श्रद्धालुओं के अनुसार, अमरनाथ यात्रा केवल एक धार्मिक प्रक्रिया नहीं बल्कि आत्म-खोज की एक यात्रा है, जो उन्हें जीवन के वास्तविक अर्थ के करीब ले जाती है। उनके लिए यह अनुभव भारतीय संस्कृति की गहराई, हिंदू धर्म की उदारता और योग-साधना की शक्ति को समझने का एक माध्यम भी है।

देखा जाये तो विदेशी श्रद्धालुओं की भागीदारी केवल पर्यटन या व्यक्तिगत अध्यात्म का विषय नहीं है; यह भारत की सांस्कृतिक कूटनीति और सॉफ्ट पावर का भी विस्तार है। जब अमेरिका और यूरोप जैसे क्षेत्रों के युवा भारत की धार्मिक परंपराओं में रुचि लेते हैं, तो यह वैश्विक मंच पर भारत की सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत करता है। हम आपको बता दें कि भारत सरकार और जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने भी विदेशी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि भारत अब केवल एक तीर्थस्थल नहीं, बल्कि वैश्विक आध्यात्मिक केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। हम आपको बता दें कि अमरनाथ यात्रा में जब विदेशी और भारतीय श्रद्धालु एक ही पंक्ति में, एक ही लक्ष्य के लिए, 'हर हर महादेव' के जयघोष के साथ चलते हैं, तो यह दृश्य न केवल धार्मिक समरसता बल्कि मानवता की एकता का भी प्रतीक बन जाता है। यह यात्रा बताती है कि आस्था की भाषा सीमाओं से परे होती है और आध्यात्मिकता वह सेतु है जो पूर्व और पश्चिम को जोड़ सकता है। आइये देखते हैं क्या कह रहे हैं यह युवा।

# प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों को खराब बताने की धारणा दूर करने की जरूरत: पासवान

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने बुधवार को इस भ्रामक धारणा को दूर करने की जरूरत पर बल दिया कि प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने इस संबंध में एक समिति का भी गठन किया है। वर्ल्ड फूड इंडिया-25 कार्यक्रम की घोषणा के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पासवान ने कहा कि देश में खाद्य प्रसंस्करण का स्तर अभी कम है और इस क्षेत्र में वृद्धि की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र किसानों की आय बढ़ा सकता है और युवाओं को रोजगार के बड़े अवसर भी प्रदान कर सकता है। इस दौरान पासवान ने उन भ्रामक विज्ञापनों का भी उल्लेख किया जिनमें प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों को खराब बताया जाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की झूठी धारणा बनाई जा रही है कि प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों में पोषक तत्व कम हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई इन खाद्य उत्पादों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने का काम करता है।

# किशोरों का प्यार अपराध नहीं : सर्वोच्च न्यायालय

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




नई दिल्ली, एमिकस क्यूरी और वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने सर्वोच्च न्यायालय से सहमति की वैधानिक आयु 18 वर्ष से घटाकर 16 वर्ष करने का आग्रह किया है। निपुण सक्सेना बनाम भारत संघ मामले में शीर्ष न्यायालय की सहायता कर रही जयसिंह ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो), 2012 और भारतीय दंड संहिता की धारा 375 के तहत 16 से 18 वर्ष की आयु के किशोरों से जुड़ी यौन गतिविधियों को पूरी तरह से अपराध घोषित करने को चुनौती देते हुए अपने लिखित प्रस्तुतियाँ दी हैं। उन्होंने तर्क दिया है कि वर्तमान कानून किशोरों के बीच सहमति से बनाए गए रोमांटिक संबंधों को अपराध मानता है और उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। जयसिंह ने कहा कि कानूनी ढांचा किशोरों के बीच सहमति से बने संबंधों को गलत तरीके से दुर्व्यवहार के बराबर मानता है, तथा उनकी स्वायत्तता, परिपक्वता और सहमति देने की क्षमता को नजरअंदाज करता है। जयसिंह ने कहा कि सहमति से यौन संबंध बनाने की उम्र 16 से बढ़ाकर 18 वर्ष करने को उचित ठहराने के लिए कोई तर्कसंगत कारण या अनुभवजन्य डेटा नहीं है। उन्होंने कहा कि आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2013 द्वारा इसे बढ़ाए जाने से पहले 70 वर्षों से अधिक समय तक यह उम्र 16 वर्ष ही रही थी।

उन्होंने बताया कि यह वृद्धि बिना किसी बहस के की गई और न्यायमूर्ति वर्मा समिति की सहमति की आयु 16 वर्ष बनाए रखने की सिफारिश के विरुद्ध है। आज किशोरों के लिए नियुक्त न्यायमित्र (एमिकस क्यूरी) समय से पहले यौवन प्राप्त कर लेते हैं और अपनी पसंद के रोमांटिक और यौन संबंध बनाने में सक्षम होते हैं।

# तेलंगाना में जाति जनगणना को लेकर गदगद हुए राहुल गांधी

## सामाजिक न्याय के लिए बताया मील का पत्थर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा से मुलाकात की और राज्य में जाति सर्वेक्षण के प्रमुख विवरणों पर चर्चा की। दूसरी ओर एक कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि रेवंत रेड्डी और कांग्रेस पार्टी के अन्य नेताओं ने मेरी उम्मीदों से कहीं बढ़कर काम किया। उन्होंने न केवल जाति जनगणना उस भावना से की जिस भावना से होनी चाहिए थी। मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि जिस कुशलता से उन्होंने इसे किया है, वह देश में सामाजिक न्याय के लिए एक मील का पत्थर है। यह तय करेगा कि राष्ट्रीय जाति जनगणना कैसी होगी, चाहे भाजपा इसे पसंद करे या न करे।

कांग्रेस नेता ने कहा कि यह एक सामाजिक औजार है और साथ ही एक वित्तीय, आर्थिक औजार भी है। भाजपा को यह पसंद नहीं है कि यह एक राजनीतिक औजार भी है। असल बात यह है कि आरक्षण पर 50% की दीवार तोड़ने का विचार, जिन दो बिंदुओं से भारत सरकार इनकार कर रही है - शिक्षा और सरकारी पदों में आरक्षण, और पंचायती राज के तीसरे स्तर में आरक्षण, हिंदुत्व की राजनीति को पूरी तरह से नष्ट करने की क्षमता रखता है। वे यह जानते हैं, हम यह जानते हैं। इसीलिए, जब हमने दबाव डाला, तो भाजपा को सुनने के लिए मजबूर होना पड़ा। उनके पास कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि भाजपा जाति जनगणना सही तरीके से नहीं करने वाली है। वे ऐसा नहीं कर सकते क्योंकि वे भारत के प्रधानमंत्री को ओबीसी, दलितों और आदिवासियों, यहाँ तक कि सामान्य जातियों की सही स्थिति नहीं बता सकते। वे भारत को यह सच्चाई नहीं बता सकते क्योंकि अगर वे बता देंगे और भारत को सच्चाई का पता चल जाएगा, तो उनका पूरा विचार ही खत्म हो जाएगा।

इस दौरान रेवंत रेड्डी ने कहा कि भाजपा ने साल 2020 में सुप्रीम कोर्ट में शपथ पत्र दिया कि हम जातिगत जनगणना नहीं कराएंगे। राजनाथ सिंह ने संसद में खड़े होकर कहा कि हम देश में जातिगत जनगणना नहीं कराएंगे। लेकिन जब राहुल गांधी जी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान देश के लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्या सुनीं तो उन्होंने मांग उठाई कि देश में जातिगत जनगणना होनी चाहिए। उसी दौरान, राहुल गांधी जी ने यह भी कहा था कि तेलंगाना में कांग्रेस सरकार बनने के बाद जातिगत जनगणना कराई जाएगी और बाद में हमने राज्य में ये काम पूरा भी किया। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी जी की वजह से हमें तेलंगाना राज्य मिला है। इसी तेलंगाना से राहुल गांधी जी ने जातिगत जनगणना का वादा किया, जिसे पूरा करने के लिए मैं खड़ा हो गया। मैंने सभी वर्ग के लोगों को बुलाया और सभी को समझाया कि अब जातिगत सर्वे हमारी जरूरत है, हमें ये करना ही पड़ेगा। इसी के साथ हमने तय किया और 4 फरवरी 2024 को सर्वे का काम शुरू किया गया। 4 फरवरी 2025, यानी सिर्फ एक साल में हमने ये काम खत्म कर डाटा विधानसभा में रख दिया। हमने हर साल 4 फरवरी को 'सोशल जस्टिस डे' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है।

# दहेज प्रताड़ना का मामला, पति समेत चार पर मुकदमा दर्ज

### जान से मारने की धमकी देने का आरोप......

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। निगोहा थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपने पति व ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों पर दहेज प्रताड़ना मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार निगोहा थाना क्षेत्र के भटपुरा गांव की रहने वाली पीड़िता का विवाह उन्नाव जनपद के अमीर गंज पोस्ट मोइद्दीनपुर निवासी अवधेश कुमार यादव पुत्र सालिकराम यादव से हुई थी पीड़िता ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही उसके पति अवधेश कुमार यादव सास कमला देवी ससुर सालिकराम यादव और देवर छोटा पुत्र सालिकराम यादव उसे दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित करते रहे पीड़िता के अनुसार आरोपितों द्वारा उस पर दहेज लाने का दबाव बनाया जाता रहा जब मांग पूरी नहीं कर सकी तो उसे गालियाँ दी गई मारपीट की गई और यहां तक कि जान से मारने की धमकी भी दी गई लगातार मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता ने निगोहा थाना में लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई वही पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न मारपीट का मामला दर्ज किया है।निगोहा थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है और संबंधित साक्ष्यों को जुटाया जा रहा है आरोपितों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

# स्कूलों का विलय: न देखी दूरी और न दिक्कत बस मर्ज कर दिया स्कूल

## दोनों स्कूलों के बीच दो किलोमीटर का सुनसान जंगल रास्ता, अभिभावको ने स्कूल मर्ज न किए जाने की मांग की

**अमन लेखनी समाचार**



विशुनपुर प्राथमिक विद्यालय – फोटो

लखनऊ। प्राथमिक स्कूलों में विलय को लेकर हुई मनमानी के मामले सामने आ रहे हैं। शासन के द्वारा इस आदेश का ग्राउंड लेवल पर अधिकारियों ने ढंग से होमवर्क नहीं किया। माल के विशुनपुर के प्राथमिक स्कूल का विलय जानकी नगर प्राथमिक स्कूल में किया गया।रास्ते में दो किलोमीटर का वन विभाग का जंगल पड़ता है। इस जंगल में कई खूंखार जंगली जानवर रहते हैं जो आए दिन किसी न किसी राहगीर पर हमला कर रहे हैं। साथ ही रास्ता सुनसान होने की वजह से जंगल अधिक होने से बाहरी लोग घटना को अंजाम देकर लोगों को यही फेंककर चले जाते हैं। विशुनपुर के दर्जनों बच्चों को दो किमी दूर जाना पड़ रहा है। अभिभावक बच्चों को इतनी दूर भेजने को तैयार नहीं हैं। अभिभावक सुशीला त्रिपाठी, राहुल, किरण, अमरेश, अनूप पांडेय ने बताया कि दो किलोमीटर का रास्ता सुनसान होने के कारण बच्चों के लिए खतरा बना रहता है, बच्चों के साथ कहीं कोई अनहोनी ना हो जाए।जल्द ही टेक्सटाइल पार्क का निर्माण भी होने वाला है जिसके चलते टेक्सटाइल पार्क की दीवार सड़क के बीचों बीच आ रही है, उससे वह उसी रास्ते का आवागमन भी रुक जाएगा। जिससे बच्चों को 12 किलोमीटर दूर दूसरे रास्ते से आवागमन करना पड़ेगा।

### अभिभावकों की जुबानी

अभिभावकों का कहना है कि शिक्षा विभाग ने लोगों से बिना संवाद किए और बिना जमीनी हकीकत समझे जल्दबाजी में विलय का निर्णय लिया। अगर अधिकारियों ने संवाद के बाद फैसला लिया होता तो यह स्थिति न आती। विभाग के स्थानीय अधिकारियों ने न तो विद्यालयों की दूरी देखी न बच्चों की दिक्कत समस्या, बस ताबड़तोड़ कर विलय कर दिया। जो उनके लिए गंभीर समस्या बनी हुई है। अब बच्चों के लिए पढ़ाई गंभीर समस्या बनी हुई है। अभिभावकों का कहना है इस स्कूल का विलय न किया जाए जिसको लेकर खंड शिक्षा अधिकारी माल को पत्र सौंपा। खंड शिक्षा अधिकारी माल ने बताया कि बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए स्कूलों का विलय किया गया। बच्चों के अभिभावकों को जागरूक किया जा रहा है। जिन स्कूलों के बच्चों की संख्या ज्यादा होने पर पुनः वही स्कूल में पढ़ाई शुरू कराई जाएगी।

# आतंकी संगठन से संबंध होने का झांसा देकर खाते से उड़ाए 4 लाख 97 हजार 456 रुपए

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ।सरोजनीनगर में जालसाज ने एक व्यक्ति को उसका आतंकी संगठन से संबंध होने का झांसा देकर मदद करने की बात कही। बाद में उससे बैंक खाता मांग कर खाते से 4 लाख 97 हजार 456 रुपए आरटीजीएस करवा लिए।पीड़ित को खुद के साथ ठगी होने की भनक लगी तो उसने साइबर सेल में इसकी शिकायत करने के साथ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर के सेक्टर -एफ, एलडीए कॉलोनी, कानपुर रोड निवासी दिवाकर प्रकाश जायसवाल के मुताबिक उन्हें बीती 13 जुलाई को फोन नंबर 7659803256 से एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने दिवाकर को झांसे में लेते हुए कहा कि आपका संबंध आतंकी संगठन से है, मैं आपको उठवा लूंगा। इस बात से दिवाकर डर गए और उन्होंने ऐसा कुछ होने से मना किया। लेकिन आरोप है कि कॉल करने वाले ने उसकी मदद करने की बात कहते हुए उससे बैंक खाते का नंबर मांग लिया। इससे डर कर दिवाकर ने उसको अपने बैंक खाते की डिटेल दे दी। दिवाकर का कहना है कि बाद में कॉल करने वाले ने डर दिखाकर उसके खाते से 4,97,456 रुपए अपने खाते में आरटीजीएस करवा लिया। बाद में खुद के साथ ठगी होने की भनक लगने पर दिवाकर ने इसकी शिकायत साइबर सेल में की। इसके बाद सरोजनीनगर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस ने दिवाकर की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद से कॉल करने वाले के मोबाइल नंबर के आधार पर उसका सुराग लगाने में जुट गई है।

# नवागत उपजिलाधिकारी का गौशालाओं की बदहाली पर एक्शन...

## उपजिलाधिकारी पवन पटेल ने संभाला मोर्चा, लापरवाही पर दिए सख्त निर्देश

**अमन लेखनी समाचार**



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज तहसील के नवांगतुक उपजिलाधिकारी पवन पटेल ने पदभार ग्रहण करते ही कार्यशैली में दृढ़ता और जवाबदेही का परिचय दिया है उन्होंने गुरुवार को नगर पंचायत मोहनलालगंज और ग्राम पंचायत भावा खेड़ा स्थित गौशालाओं का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की वास्तविकता परखी निरीक्षण के दौरान मिली खामियों पर उन्होंने तत्काल सख्त निर्देश जारी किए निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी पवन पटेल ने पाया कि गौशालाओं में गोवंश के लिए चारा और पानी की समुचित व्यवस्था नहीं थी जिससे उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ रहा था इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और प्रबंधन को फटकार लगाते हुए तत्काल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि गोवंशों की देखभाल केवल जिम्मेदारी नहीं हमारा नैतिक कर्तव्य भी है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी इसके साथ ही उपजिलाधिकारी ने गौशालाओं में स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता और गोवंशों के लिए शेड की समुचित व्यवस्था को प्राथमिकता देने की बात कही उन्होंने स्पष्ट किया कि अब सिर्फ कागजों पर नहीं, जमीनी हकीकत में सुधार नजर आना चाहिए उपजिलाधिकारी के इस सक्रिय रवैये से क्षेत्रीय प्रशासन में हलचल और लोगों में उम्मीद जगी है कि अब गौशालाओं की दुर्दशा खत्म होगी और गोवंशों को राहत मिलेगी।क्षेत्रीय लोगों ने उपजिलाधिकारी के इस कदम की सराहना करते हुए इसे ₹सकारात्मक पहल₹ बताया इस निरीक्षण से साफ संकेत मिलते हैं कि पवन पटेल के कार्यकाल में अनियमितताओं पर जीरो टॉलरेंस रहेगा और जनहित व पशुधन कल्याण प्राथमिक एजेंडा में होगा।

# तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर, चालक की दर्दनाक मौत, दो राहगीर घायल, एक कार क्षतिग्रस्त....

**अमन लेखनी समाचार**




मोहनलालगंज। निगोहां थाना से कुछ दूरी लखनऊ-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग कस्बे के सत्यनारायण इंटर कॉलेज के सामने दोपहर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो राहगीर घायल हो गए साथ एक कार भी चपेट में आ गई वही इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक और क्लीनर को गिरफ्तार कर ट्रक को जब्त कर लिया है मृतक ट्रैक्टर चालक निगोहां थाना क्षेत्र के रत्नापुर गांव निवासी रामप्रकाश उर्फ कल्लू (48) गुरुवार दोपहर करीब एक बजे निगोहां अपना काम करके घर की ओर लौट रहे थे जैसे ही वो कस्बे के सत्यनारायण इंटर कॉलेज के पास पहुंचे तभी पीछे से लखनऊ की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक ने ट्रैक्टर में पीछे की ओर बंधे रोटावेटर में जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया हादसे में ट्रैक्टर चालक रामप्रकाश नीचे दब गए जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर को सीधा कर शव को बाहर निकाला और सीएचसी निगोहां भिजवाया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हादसे के वक्त ट्रक की चपेट में आकर सड़क किनारे खड़े इंडियन गैस एजेंसी निगोहां के कर्मचारी द्वारिका प्रसाद और भगवानपुर निवासी उमरई घायल हो गए दोनों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया है साथ ही रायबरेली की ओर जा रही एक कार भी ट्रक की चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हो गई हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर भागने की कोशिश करने लगा लेकिन ग्रामीणों की सूचना पर हरकत में आई पुलिस ने पीछा कर निगोहां टोल प्लाजा के पास से ट्रक को पकड़ लिया।पुलिस ने चालक एखलाक और क्लीनर अरबाज को हिरासत में ले लिया है दोनों प्रतापगढ़ जिले के अंतु थाना क्षेत्र के गढ़वाला गांव के निवासी बताए गए हैं ।वहीं निगोहां थानाध्यक्ष अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि ₹हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया ट्रक को टोल प्लाजा के पास से कब्जे में लेकर चालक व क्लीनर को हिरासत में ले लिया गया है मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है आगे की कार्रवाई विधिक प्रक्रिया के तहत की जा रही है ।रामप्रकाश की मौत की खबर जैसे ही घर पहुँची परिवार में कोहराम मच गया मृतक के दो बेटे हिमांशु यादव और दीपांशु यादव व एक विवाहित बेटी हैं पत्नी गीता देवी का रो-रोकर बुरा हाल है गांव में शोक की लहर फैल गई है स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकताओं ने जिला प्रशासन से मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता व मुआवजा देने की मांग की है ताकि असमय काल के गाल में समाए किसान के परिजनों को संबल मिल सके।

# सीतापुर में प्राइमरी स्कूलों के विलय पर हाई कोर्ट का यथास्थिति का आदेश

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ।इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सीतापुर जिले के प्राइमरी स्कूलों के विलय के संबंध में राज्य सरकार को अगली सुनवाई तक यथास्थिति बनाये रखने का आदेश दिया है।कोर्ट ने सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पेश किये गए कुछ दस्तावेजों में घोर विरोधाभास पाने के कारण यह आदेश पारित किया है। कोर्ट ने अपीलकताओं को कहा है कि वे इन दस्तावेजों के खिलाफ अपना जवाब अगली सुनवाई तक दाखिल कर सकते हैं।स्पष्ट किया है कि इस अंतरिम आदेश का राज्य सरकार की पेयरिंग पालिसी या इसके क्रियान्वयन से कोई लेना देना नहीं है। मामले की अगली सुनवाई 21 अगस्त को होगी।यह आदेश चीफ जस्टिस अरुण भंसाली व जस्टिस जसप्रीत सिंह की पीठ ने मास्टर नितीश कुमार व धर्म वीर की ओर से अलग अलग दाखिल दो विशेष अपीलों पर सुनवाई करते हुए पारित किया।ये विशेष अपीलें एकल पीठ के गत सात जुलाई के उस फैसले के खिलाफ दाखिल की गईं हैं जिसमें एकल पीठ ने राज्य सरकार के विलय संबधी 16 जून के आदेश पर मुहर लगाते हुए रिट याचिकाओं को खारिज कर दिया था। अपीलार्थियों का प्रमुख तर्क है कि पेयरिंग करने में राज्य सरकार ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत पड़ोस में शिक्षा पाने के हक का उल्लंघन किया है।यह भी तर्क दिया गया है कि राज्य सरकार का आदेश संविधान के अनुच्छेद 21ए का उल्लंघन है।सुनवाई के दौरान बेंच ने पाया कि एकल पीठ ने अपने फैसले में सरकार के कुछ दस्तावेजों पर भी भरोसा किया था।

# लेखपाल पर विभागीय कार्रवाई के बावजूद तहसील में बना रहा दबदबा

## जिलाधिकारी ने रिपोर्ट में देरी पर जताई नाराजगी....

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के दहियर गांव में तैनात रहे लेखपाल राजेन्द्र बहादुर पर पूर्व में विभागीय कार्रवाई की गई थी उन्हें उनके कार्यभार से मुक्त करते हुए क्षेत्र से हटाए जाने के निर्देश भी दिए गए थे इसके बावजूद क्षेत्रीय जनता में इस बात की चर्चा बनी हुई है कि लेखपाल का दबदबा अब भी कायम है और वे परोक्ष रूप से अपने प्रभाव का उपयोग करते रहे हैं प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज तहसील के दहियर गांव में सरकारी भूमि से जुड़े मामलों सहित अन्य प्रशासनिक कार्यों में राजेन्द्र बहादुर की भूमिका को लेकर पूर्व में शिकायतें प्राप्त हुई थीं उक्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उच्च प्रशासन स्तर से जांच कराई गई थी जिसमें प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर उन्हें कार्यमुक्त कर कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया था इसके साथ ही उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही भी प्रारंभ कर दी गई थी।हालांकि, तहसील समाधान दिवस के दौरान कुछ शिकायतकताओं ने फिर से लेखपाल की कार्यप्रणाली और उनके अप्रत्यक्ष हस्तक्षेप की शिकायतें कीं खासतौर पर खतौनी नामांतरण जैसे मामलों में रिपोर्ट लगाने में अनावश्यक विलंब की बात सामने आई जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिए कि संबंधित प्रकरणों का तत्काल मौके पर निस्तारण किया जाए और दोषी पाए गए लेखपाल पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई हो वहीं, इस पूरे प्रकरण के बीच यह सवाल खड़ा हो गया है कि जब लेखपाल को क्षेत्र से हटाया जा चुका है तो फिर भी उनका प्रभाव क्यों बना हुआ है?

प्रशासन की सख्ती के बावजूद अगर जमीनी स्तर पर बदलाव नहीं दिखाई देता तो यह कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों पर कड़ी निगरानी रखते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि उनके विरुद्ध की गई कार्रवाई केवल कागजों तक ही सीमित न रह जाए, बल्कि व्यवहारिक रूप से भी उसका असर दिखे इस पूरे मामले पर अब निगाहें जिलाधिकारी के आगामी निर्णय पर टिकी हैं, जिससे यह तय होगा कि जिले में प्रशासनिक सख्ती का प्रभाव वास्तव में कितना प्रभावशाली है।

# महिला के गले से चेन लूटने वाले चेन स्नेचर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर, लखनऊ।सरोजनी नगर पुलिस ने बीते दिनों पैदल जा रही एक महिला के गले से चेन लूटने वाले चेन स्नेचर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।गौरतलब है कि सरोजनी नगर के अवध विहार कॉलोनी में रहने वाले सचिन कनौजिया की पत्नी संगीता कनौजिया एयरपोर्ट पर प्राइवेट जॉब करती हैं। संगीता मंगलवार देर शाम करीब 7 बजे ड्यूटी से लौट कर पैदल घर जा रही थी। तभी सरोजनी नगर में तपोवन नगर स्थित शेखमीर शाह बाबा मजार के पास अचानक पीछे से पहुंचे एक युवक ने उनके गले में झपट्टा मार कर सोने की चेन लूट ली और भागने लगा।लेकिन संगीता के शोर मचाने पर राहगीरों ने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया। इसके बाद संगीता ने सरोजनी नगर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। सरोजनी नगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। तभी मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को आरोपी को पकड़ लिया गया।पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम आलमबाग के सुजानपुरा स्थित आदर्श नगर निवासी मनीष सोनी बताया।प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के पास से चोरी का एक एंड्राइड मोबाइल बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया मनीष सोनी शातिर अपराधी है।वह रात में मौका पाकर लोगों के मोबाइल फोन और चेन स्नेचिंग की घटना अंजाम देकर फरार हो जाता है। फिलहाल उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया गया है।

# गुप्ता ढाबा संचालक पर गुंडई और धमकी का आरोप

### चाय विक्रेता पिता–पुत्र से की मारपीट पुलिस पर संरक्षण का आरोप

**अमन लेखनी समाचार/सौरभ सिंह**




मोहनलालगंज। पीजीआई हॉस्पिटल गेट से कुछ ही दूरी पर स्थित चर्चित गुप्ता ढाबा एक बार फिर विवादों में है इस बार ढाबा संचालक और उसके बेटे पर क्षेत्रीय चाय विक्रेता और उसके नाबालिग बेटे के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगा है घटना को लेकर स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश है, वहीं पीड़ित परिवार न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है जानकारी के मुताबिक, गुप्ता ढाबा के बगल में चाय का ठेला लगाने वाले प्रदीप सोनी अपने नाबालिग बेटे के साथ रोज की तरह दुकानदारी कर रहे थे इसी दौरान ढाबा संचालक और उसके बेटे ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। बात बढ़ी तो ढाबा मालिक ने खुलेआम थप्पड़ों की बारिश कर दी और जान से मारने की धमकी दी ।प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ढाबा संचालक का रवैया बेहद उग्र था।उसने साफ-साफ कहा, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता, पीजीआई की पुलिस मेरे ढाबे पर खाना खाती है, कोई कार्रवाई नहीं होगी।यह बयान अपने आप में इस बात की तरफ इशारा करता है कि उसे कानून का कोई डर नहीं है।

### पहली बार नहीं है दबंगई का मामला.......

स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब गुप्ता ढाबा के मालिक ने इस तरह की गुंडई की हो।पूर्व में भी कई बार वह आसपास के दुकानदारों और ठेले वालों से इसी तरह मारपीट और धमकी दे चुका है, लेकिन पुलिस की निष्क्रियता ने उसके हौसले और बुलंद कर दिए हैं पीड़ित प्रदीप सोनी का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद जब वह पीजीआई थाने में शिकायत दर्ज कराने गया, तो पुलिस ने उसकी बात अनसुनी कर दी और कोई कार्रवाई नहीं की अब तीन दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक ना तो कोई एफआईआर दर्ज हुई है, और ना ही कोई पूछताछ इससे पीड़ित परिवार और स्थानीय लोग पुलिस पर पक्षपात और संरक्षण देने का आरोप लगा रहे हैं ।वहीं इस संबंध में थाना प्रभारी पीजीआई धीरेंद्र सिंह ने कहा, ₹मेरे पास ऐसी कोई तहरीर नहीं आई है अगर पीड़ित पक्ष मेरे पास आता है तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र के अन्य होटल, ढाबे और ठेले पुलिस रोजाना रात 11 बजे तक बंद करवा देती है, लेकिन गुप्ता ढाबा देर रात 2 बजे तक खुलेआम संचालित होता है यह कैसे संभव है, जब तक उसे पुलिस का अप्रत्यक्ष सहयोग न मिल रहा हो प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां बार-बार यह निर्देश दे चुके हैं कि गरीबों और असहायों पर अत्याचार किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, वहीं राजधानी लखनऊ में ही इस तरह की दबंगई और पुलिस की चुप्पी ने सरकार की मंशा पर सवाल खड़े कर दिए हैं ।घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों और पीड़ित परिवार ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि गुप्ता ढाबा के संचालक और उसके बेटे के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए साथ ही मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में किसी गरीब पर अत्याचार करने से पहले लोग सौ बार सोचें।

# कजली महोत्सव के दौरान गोरखगिरि पर्वत पर भी हों कुछ कार्यक्रम- तारा पाटकार

**अमन लेखनी समाचार**




महोबा। हरियाली अमावस्या के रूप में चर्चित श्रावण मास की अमावस्या पर आज सुबह भक्तों ने धार्मिक आस्था के केन्द्र गोरखगिरि पर्वत की परिक्रमा लगाई और 10 से 17 अगस्त को होने वाले कजली महोत्सव के दौरान गोरखगिरि पर्वत पर भी पुनः कुछ महत्वपूर्ण कार्यक्रम कराने की मांग की। पहले कजली महोत्सव के दूसरे दिन यहां मेला लगता था और दंगल सहित तमाम बड़े कार्यक्रम होते थे। परिक्रमा की अगुवाई कर रहे बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने बताया कि बारिश के मौसम में चारों तरफ चलने वाले झरनों से गोरखगिरि पर्वत का सौन्दर्य देखने लायक होता है। कजली महोत्सव के दौरान यहां भ्रमण करने बाहर से हजारों लोग आते हैं। गुरू गोरखनाथ की तपोभूमि के रूप में विख्यात गोरखगिरि पर्वत को आदर्श पर्यटन तीर्थ बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करोड़ों का बजट जारी किया है और यहां लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। जिस गोरखगिरि पर्वत पर कुछ वर्ष पहले लोग जाने से डरते थे, अब वहां चमन बरस रहा है। उन्होंने बताया कि पांच किलोमीटर लंबी गोरखगिरि की परिक्रमा चित्रकूट की कामदगिरि परिक्रमा के लगभग बराबर है।हर बार की तरह भक्तों ने ओम नमः शिवाय जाप के साथ परिक्रमा शिवतांडव मंदिर से प्रारंभ की और पठवा के हनुमान जी, महावीरन, केदारेश्वर महादेव, संकरे सन्या, काली माता, शनिदेव, राम दरबार, छोटी चंडिका, नाग देवता मंदिर, बालाजी हनुमान व काल भैरव होते हुए वापस शिवतांडव मंदिर पर संपन्न हुई। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप जैन, गया प्रसाद, प्रेम, प्रवीण चौरसिया, प्रहलाद पुरवार, डा. देवेन्द्र पुरवार, जागेश्वर सोनी, गौरव मिश्रा, प्रवीण श्रीवास्तव, अवधेश गुप्ता, निखिल व मोनू गुप्ता समेत तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

## संक्षेप

### कोतवाली गेट के सामने दो बाईकों की भिंडत फिर हुई हाथापाई, पुलिस जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नगर के हरदोई उन्नाव मार्ग स्थित कोतवाली गेट के सामने आज गुरुवार दोपहर साढ़े बारह बजे दो बाईकों में हल्की टक्कर हो गई.टक्कर में किसी को कोई चोट नहीं आई थी.उसके बाद दोनों बाइक सवारों के बीच कहासुनी होने लगी ।कहासुनी इतनी बढ़ी कि दोनों के बीच हाथपाई होने लगी.आसपास मौजूद लोगो ने बीच बचाव किया .जिसके बाद एक पक्ष बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के आलमऊं सराय गांव निवासी आवेश पुत्र वहीद उम्र 21वर्ष ने प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। दअरसल आवेश उन्नाव की ओर से आ रहा था.इसी बीच कोतवाली गेट से निकल रहे बाइक सवार की टक्कर हो गई.हालांकि हादसे में किसी को चोट नहीं आई है ।वायरल वीडियो को लेकर जब कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह से पूंछा गया तो उन्होंने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### कृषक गोष्ठी सह पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के किसान भवन गनेशी खेडा में शुक्रवार को कृषक गोष्ठी सह पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा ।इस संबंध में भारतीय किसान यूनियन लखनऊ मंडल के महासचिव डॉ बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया गोष्ठी में मुख्य रूप से किसानों के जनहित को ध्यान में रखते हुए उन्नतशील बीजो, आधुनिक फसल, दवा छिड़काव ,केले की खेती आदि के बारे में चर्चा कर किसानों को ब्यापारिक खेती हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा ।उद्यान विभाग द्वारा सिंचाई योजना टपक विधि ,फव्वारा सिंचाई की जानकारी व पौध वितरण किया जाएगा ।पशुपालन विभाग द्वारा पशु चिकित्सा हेतु जानकारी व दवाई निःशुल्क वितरित की जाएगी ।साथ ही किसानों को क्षेत्र में हो रही विभिन्न समस्याओं जैसे नहरों में पानी, बिजली, आवारा जानवर आदि के बारे में विचार विमर्श कर आगामी रूपरेखा तय की जाएगी। इस मौके पर जिला उद्यान अधिकारी उन्नाव ,जिला कृषि अधिकारी उन्नाव, पशुपालन विभाग ,कृषि विज्ञान केन्द्र उन्नाव के वरिष्ठ वैज्ञानिक के साथ अन्य लोग उपस्थित रहेंगे।

### खड़े लोडर में अनियंत्रित टैंकर ने मारी टक्कर, तीन घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। कस्बे में पावर हाउस चौराहे के पास तेज रफ्तार टैंकर ने खड़े लोडर लोडर में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में लोकर के पास खड़े तीन व्यक्ति घायल हो गए। जिन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बांगरमऊ के पूर्विया टोला निवासी शाहिद,ग्राम आसत मोहिनुद्दीनपुर निवासी रिजवान और बिल्हौर क्षेत्र के नौगांव निवासी दयाराम यादव गुरुवार दोपहर बाद पावर हाउस चौराहे के पास लोडर के पास खड़े थे। तभी तेज रफ्तार टैंकर ने लोडर में टक्कर मार दी।जिसकी चपेट में आने से तीनों घायल हो गए। जिन्हे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# उन्नाव भाजपा में गुटबाजी चरम पर ,दल बदलू नेता के दखल से भाजपा संगठन में उठा पटक

अमन लेखनी समाचार

**विधायक भी दो खेमो में दिखाई देते हैं बंटे**

उन्नाव। जनपद की भाजपा इस समय दो खेमों में बंटी दिखाई दे रही है, जहां भाजपा के विधायक दो खेमों में बंटे दिखाई दे रहे हैं, वहीं संगठन में भी दबी जुबान से विरोध के स्वर उठते दिखाई दे रहे हैं, मूल भाजपाइयों का मानना है कि एक दल बदलू नेता के दखल के कारण उन्नाव भाजपा का संगठन छिन्न भिन्न होता जा रहा है ।

विगत विधानसभा चुनाव में संगठित होकर चुनाव मैदान में उतरी भाजपा ने जनपद की सभी सीटों पर विजय पताका फहराई थी, लेकिन जिस तरह से वर्तमान समय में उन्नाव जिले की भाजपा में अंतर्द्वंद्व व्याप्त है उसको देखते हुए आगे आने वाले चुनाव भाजपा के लिए बड़ी मुसीबत बन सकते हैं , लोगों के अनुसार जिले के छः विधायकों में से तीन-तीन का गुट बना हुआ है , सभी एक दूसरे की टांग खींचने में लगे हुए हैं जिसके कारण पूरे जिले में भाजपा की स्थिति कमजोर होती जा रही है।

मूल भाजपाइयों का मानना है कि इस गुटबाजी का प्रमुख कारण एक दल बदलू नेता बना हुआ है, यह नेता जिसकी सत्ता उसके साथ रहता है, लगभग सभी प्रमुख दलों में रहने के उपरान्त घूम फिर कर धन खर्च कर अपना स्थान बनाने में सफल रहता है, वर्तमान समय में भी वह इसी जुगाड़ के बल पर सत्तारुढ़ दल में एक पद भी प्राप्त कर चुका है, दबी जुबान से भाजपा के मूल लोगो का कहना हैं कि यही नेता जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी तो भाजपा कार्यकताओं को तवज्जो देना तो दूर सम्मान भी नहीं देता था, वही आज फिर सिरमौर बना हुआ है, जिसके कारण उन्नाव भाजपा दो खेमों में बंटी हुई है।

विगत विधानसभा चुनाव में भी इस नेता ने भाजपा के वर्तमान विधायक और प्रत्याशी को हराने का पूरा प्रयत्न किया था लेकिन उसका सपना साकार नहीं हो सका था, लोगों का यह भी कहना है कि विगत लोकसभा चुनाव में भी भाजपा प्रत्याशी की मदद नहीं की थी, यही नहीं इस नेता का बूथ भी लोकसभा चुनाव में वर्तमान सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी चुनाव हार गया था। इतना सब करने के बावजूद भी इस दल बदलू नेता का भाजपा में दखल बरकरार है ।

बसपा, सपा की सरकारों में अपना वर्चस्व स्थापित रखने वाले इस नेता ने उत्तर प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनते ही क्षेत्रीय विधायक के विरोध के बावजूद भाजपा में शामिल होने में कामयाब रहा था, उसके बाद सहकारिता के चुनाव में पद हथियाने में भी कामयाब रहा , आज वही नेता संगठन व विधायकों में फूट डालकर अपना वर्चस्व स्थापित करने का प्रयत्न कर रहा है । बताया जाता है कि केंद्रीय और प्रदेश के नेताओं के यहां चक्कर लगाकर अपना काम बनाने में सफल रहता है, वही मूल भाजपाई कुंठाग्रस्त होकर घरों में बैठ गए हैं जिसका खामियाजा भाजपाको आने वाले समय में भुगतना पड़ सकता है।

# बिना मान्यता संचालित स्कूलों पर बीईओ का कसा शिकंजा

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। विकासखंड औरास क्षेत्र में बिना मान्यता संचालित हो रहे प्राइवेट विद्यालयों पर खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) संजय शुक्ल ने सख्त रुख अपनाया है। क्षेत्रीय लोगों की शिकायत पर रामपुर गढ़ौवा गांव में पहुंचे बीईओ ने दो निजी विद्यालयों तिलकराम चौरसिया स्कूल और रामाधीन विद्यालय की मान्यता की जांच की। बीईओ ने चेतावनी दी है कि अगर किसी भी विद्यालय में फजीर्वाड़ा पाया गया या मान्यता से अधिक कक्षाओं का संचालन मिला, तो तत्काल कार्यवाही करते हुए एक लाख रुपये तक का जुमार्ना लगाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान दोनों विद्यालयों में ताले लगे मिले। इस पर बीईओ ने संदेह जताते हुए जल्द ही दोबारा औचक निरीक्षण करने की बात कही। उन्होंने विद्यालय प्रबंधकों को मान्यता से जुड़ी सभी दस्तावेजी प्रक्रियाएं पूर्ण रखने के निर्देश दिए।इसके बाद बीईओ ने उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा का भी निरीक्षण किया। दोपहर करीब डेढ़ बजे पहुंचे बीईओ ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया।उन्होंने बच्चों से हिंदी, गणित और विज्ञान विषयों से जुड़े प्रश्न पूछे। विज्ञान में रासायनिक सूत्रों और हिंदी में कृष्णभक्ति काल के कवियों पर चर्चा की गई। बच्चों ने विज्ञान कार्यशाला में रोबोटिक हैंड और कृषि उपकरणों के मॉडल प्रस्तुत किए। बीईओ ने विद्यार्थियों की रुचि और प्रस्तुति की सराहना की। विद्यालय में कुल 113 नामांकित बच्चों में से 92 की उपस्थिति पाई गई। बीईओ ने कक्षा 6 के छात्रों के गणित ज्ञान को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। साथ ही नई शिक्षा नीति की जानकारी देते हुए बच्चों की काउंसलिंग भी की गई। विद्यालय की अनुशासित कक्षाएं, समयसारणी, नोटिस बोर्ड और छात्र संख्या के व्यवस्थित अंकन को देखकर बीईओ ने स्टाफ की प्रशंसा की। उन्होंने नामांकन बढ़ाने और कमजोर बच्चों के लिए रेमेडियल टीचिंग कराने के निर्देश भी दिए।निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापिका शशि देवी सहित अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता संघ के हड़ताल करते ही में गेट का खुला ताला

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव।तहसील परिसर बाउंड्री वॉल में लगे गेट का ताला नहीं खुलने व न्यायालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर अधिवक्ता संघ ने प्रस्ताव में अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी देते ही तहसील प्रशासन ने तुरंत खुलवाया गेट का ताला

तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन परिसर के बाउंड्री वॉल में तीन गेट लगे हुए जिसमें एक गेट का ताला प्रतिदिन की भांति समय पर नहीं खुलने पर अधिवक्ताओं ने इस पर बृहस्पतिवार को बीघापुर बार एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष मोहनलाल यादव की अध्यक्षता में बैठक कर शीघ्र ही गेट का ताला खुलवाने व न्यायालय नायब तहसीलदार बीघापुर के यहां व्याप्त भ्रष्टाचार का भी मुद्दा उठा जिसको लेकर सभी न्यायालयों में अधिवक्ता गण न्यायिक कार्य से विरत रहने का फैसला करते हुए प्रस्ताव भेज दिया कि यदि गेट का ताला नहीं खोला गया व व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगा तो अधिवक्ता गण अनिश्चितकालीन के लिए न्यायिक कार्य से विरत रहने के लिए वाद्य होंगे जैसे ही प्रस्ताव पहुंचा वैसे ही थोड़ी देर बाद गेट का ताला खोलकर गेट खोल दिया गया

**निर्मल कुमार एडवोकेट ने कहा गेट में लगातार 2 दिन से ताला लगा था मंत्री मनीष कुमार अध्यक्ष मोहन लाल यादव मैं स्वयं तहसीलदार वह एसडीएम महोदय से 2 दिन से लगातार ताला खुलवाने के लिए मिल रहा था लेकिन नहीं खोलने पर मजबूरी बस हम लोगों को हड़ताल करनी पड़ी।**

# रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर का एसपी ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने गुरुवार को पुलिस लाइन स्थित आरटीसी (रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर) का निरीक्षण किया। उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों के साथ सम्मेलन में संवाद किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन प्रदीप कुमार मौर्य सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। सम्मेलन के दौरान एसपी ने आरक्षियों से प्रशिक्षण की गुणवत्ता, मेस व्यवस्था, भोजन, पेयजल और आवासीय सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने प्रशिक्षण से जुड़ी समस्याओं, अनुभवों और सुझावों पर विशेष ध्यान दिया ।रिक्रूट आरक्षियों ने संस्था की व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने बताया कि उन्हें समय पर भोजन, स्वच्छ पानी और आवास जैसी सुविधाएं सहजता से मिल रही हैं। प्रशिक्षुओं ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए सुझाव भी दिए। इनसे प्रशिक्षण व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सकेगा। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की कमी या शिकायत सामने न आए। इसके लिए नियमित निरीक्षण और संवाद बनाए रखने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षण में अनुशासन और पेशेवर दक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए ।गोरखपुर में हाल ही में हुई एक अप्रिय घटना के मद्देनजर सभी प्रशिक्षण केंद्रों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा मानकों और अनुशासनात्मक व्यवस्था में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। उन्नाव पुलिस लाइन स्थित आरटीसी में इस समय 900 से अधिक रिक्रूट आरक्षियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण केवल शारीरिक बल और हथियार संचालन तक सीमित नहीं है। इसमें कानून, नागरिक व्यवहार, मानवाधिकार, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध एवं अन्य विषयों की भी विशेष शिक्षा दी जाती है। एसपी दीपक भूकर ने प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे सभी भविष्य के रक्षक हैं। उन्होंने प्रशिक्षण के इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने और सेवा में दक्षता एवं निष्ठा का आदर्श स्थापित करने का आह्वान किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस विभाग सदैव उनके कल्याण और प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है।

# कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को पुलिस की टीम ने कराया जलपान

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सावन माह में भगवान शिव के प्रति आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। लोधेश्वर महादेव को जल अर्पित करने जा रहे कांवड़ियों के मार्ग में प्रशासन का सेवा भाव एक सकारात्मक संदेश बन गया है। इसी कड़ी में थाना दही की पुलिस टीम द्वारा दिखाया गया सेवा भाव इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। थानाध्यक्ष संजीव कुशवाहा ने अपने सहयोगी अधिकारियों के साथ मिलकर कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को फल एवं जलपान वितरित कर उनका स्वागत किया। थकान और गर्मी से जूझ रहे कांवड़ियों के चेहरों पर राहत और प्रसन्नता देखते ही बन रही थी। सेवा के इस कार्य में उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह और दीवान रामदेव प्रजापति भी सक्रिय रूप से सेवादार की भूमिका में नजर आए। इस मौके पर पुलिसकर्मियों ने न सिर्फ ड्यूटी निभाई, बल्कि मानवता और धर्म सेवा का भी उदाहरण प्रस्तुत किया। पीने के पानी से लेकर ताजे फलों तक की व्यवस्था कर उन्होंने यह दिखा दिया कि पुलिस केवल सुरक्षा नहीं, बल्कि सहयोग और संवेदना की भी प्रतीक है ।इस नेक पहल में समाजसेवी आनंद सिंह का भी विशेष योगदान रहा। उन्होंने फल, पानी और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं के लिए भरपूर सहयोग किया। आनंद सिंह ने कहा, ₹कांवड़ियों की सेवा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। भोलेनाथ की भक्ति में लीन इन यात्रियों की मदद कर मन को आत्मिक शांति मिलती है ।₹ इस सेवा भाव का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिस अधिकारी श्रद्धालुओं को हाथ से फल और पानी बांटते नजर आ रहे हैं। आम लोग इस वीडियो को खूब सराह रहे हैं और पुलिस की मानवीय छवि की प्रशंसा कर रहे हैं।

# एडीजी ने की बैठक कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को बताया सर्वोपरि

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सावन माह की कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन सुजीत पाण्डेय ने रिजर्व पुलिस लाइन में विशेष गोष्ठी का आयोजन किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, सभी क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी मौजूद रहे। एडीजी ने कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोपरि बताया। यात्रा मार्ग पर प्रभावी गश्त, सीसीटीवी निगरानी और मेडिकल सुविधाओं की व्यवस्था के निर्देश दिए।भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया। सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं और अफवाहों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए। साइबर अपराधों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया ।एडीजी ने महिला अपराधों, हत्या, डकैती और चोरी जैसे मामलों की समीक्षा की। अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और लंबित मामलों के जल्द निपटारे के आदेश दिए। पुलिस की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और तत्परता - पर जोर दिया ।आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा को नकलविहीन और शांतिपूर्ण तरीके से कराने की योजना बनाई गई। संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर विशेष निगरानी और पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। एडीजी ने पुलिस बल को जनसेवा की संवेदनशील इकाई बताते हुए उनकी जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पुलिस को सक्रिय, जवाबदेह और कर्तव्यनिष्ठ भूमिका निभाते हुए जनता के विश्वास को और अधिक मजबूत करना चाहिए।

# सीओ का हुआ विदाई समारोह एसडीएम समेत पुलिस के अधिकारी रहे मौजूद

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव।एसपी के निर्देश पर सीओ पुरवा अजय कुमार सिंह का स्थानांतरण सफीपुर होने के बाद गुरुवार को कोतवाली में विदाई समारोह हुआ जिसमें एसडीएम समेत पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। स्थानीय कोतवाली परिसर में गुरुवार को सीओ अजय कुमार सिंह का विदाई कार्यक्रम रखा गया जिसमें एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। इस दौरान एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव समेत सभी अधिकारियों ने उनके कार्य की सराहना की। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक पुरवा अमरनाथ यादव, प्रभारी निरीक्षक मौरावां कुंवर बहादुर सिंह और थाना प्रभारी असोहा निखिलेश कुमार मौजूद रहे। कोतवाली पुरवा के समस्त स्टाफ ने उन्हें भावभीनी विदाई दी ।वहीं सीओ कार्यालय में कार्यरत पेशी स्टाफ ने भी विदाई कार्यक्रम आयोजित कर सीओ को भावभीनी विदाई दी। सभी ने सीओ का माल्यार्पण कर एवं उपहार देकर विदाई दी। आपको बता दें एसपी दीपक भूकर ने जनपद के सभी सर्किल में तैनात सीओ का कार्यक्षेत्र बदला था। इसी कड़ी में पुरवा सीओ को सफीपुर व बीघापुर सीओ ऋषिकांत शुक्ल को पुरवा का सीओ बनाया गया है।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।सड़क दुर्घटना में मामा की हुई मौत के बाद चौथे दिन गुरुवार को घायल हुए बाइक सवार भांजे की भी कानपुर केएक निजी अस्पताल में मौत हो गई। बीघापुर थाना क्षेत्र के रैथाना गांव निवासी दयाराम बीते सोमवार को अपने चचेरे भांजे रावतपुर निवासी 25 वर्षीय निर्देश पुत्र निरंजन के साथ बाइक से बड़ौरा निवासिनी एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने कोलुहागाड़ा घाट जा रहे थे ।जिनको थाना अचलगंज क्षेत्र के जंगलेश्वर मंदिर के निकट अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी जिसमें पीछे बैठे दयाराम की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि बाइक चला रहा निर्देश भी बुरी तरह घायल हो गया था। गंभीर रूप से घायल निर्देश को परिजन जिला अस्पताल से कानपुर के कल्याणपुर स्थित निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे उपचार के दौरान गुरुवार की सुबह निर्देश ने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया ।मृतक निर्देश पत्नी गुड्डन के अलावा एक बेटा व एक बेटी अपने पीछे छोड़ गया है ।ग्रामीणों के अनुसार मृतक मजदूरी कर अपने परिवार

# पटाखा विस्फोट में मृतक वृद्ध के भाई ने दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।मौरावां थाना क्षेत्र के पारा गांव में बीते मंगलवार को हुए पटाखा विस्फोट में एक बुजुर्ग की मौत हो गई ।थी एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना उस समय हुई जब नफीस अहमद के घर के पास स्थित झोपड़ी में विस्फोट हुआ। नफीस बिना लाइसेंस के पटाखों का निर्माण कर रहा था। विस्फोट की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। विस्फोट में शिवचरण की मौके पर ही मौत हो गई। खेत में काम कर रहे नीलेश उर्फ बुधई विस्फोट से उड़कर आई ईंट की चपेट में आ गए। सिर में गंभीर चोट के कारण उन्हें लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।मृतक के भाई रज्जन ने मौरावां थाने में आरोपी नफीस के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने इठर की धारा 288 समेत अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। इंस्पेक्टर केबी सिंह के अनुसार, आरोपी नफीस की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नफीस कई सालों से अवैध रूप से पटाखों का निर्माण और वितरण कर रहा था। प्रशासन ने नहीं की कार्रवाई कभी भी प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। यदि समय रहते कार्रवाई की जाती, तो यह हादसा रोका जा सकता था। जांच में सामने आया है कि नफीस द्वारा बनाए गए तेज आवाज वाले पटाखे खासकर सुतली गोला की मांग आसपास के जिलों में भी थी। त्योहारी मौसम, शादी-ब्याह और अन्य समारोहों में इन्हीं पटाखों की आपूर्ति की जाती थी। यह नेटवर्क अब जांच एजेंसियों के रडार पर है।

# घर के बाहर खड़ा छोटा हाथी लोडर चोरों ने किया पार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।गुरुवार रात एक और चोरी की वारदात सामने आई। हलीम अहमद के घर के बाहर खड़ा छोटा हाथी लोडर को चोर ले गए। मालिक को चोरी का पता सुबह 6 बजे चला। चोरी हुई गाड़ी का नंबर वढ35 ळ 7712 है। हलीम अहमद इसी लोडर से अपना और परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी और तीन छोटे बच्चे हैं। सभी बच्चों की उम्र 8 साल से कम है। सूचना मिलते ही 112 पुलिस मौके पर पहुंची।

# एक्सप्रेसवे पर निर्माण कार्य में तेजी दिवाली तक कार्य पूर्ण होने की उम्मीद

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।इस साल दीवाली तक यह एक्सप्रेस-वे जनता को समर्पित किया जाएगा।62.7 किमी लंबे छह लेन के इस एक्सप्रेस-वे का 90 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अनुसार, एक्सप्रेस-वे को दो हिस्सों में बांटा गया है। पहला हिस्सा 17.5 किमी का एलिवेटेड रोड है। दूसरा हिस्सा 45.2 किमी का ग्रीन फील्ड रूट है। वाहन इस एक्सप्रेस-वे पर 100 से 125 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकेंगे ।उन्नाव जिले में दो टोल प्लाजा बनाए जा रहे हैं। एक लालगंज के पास और दूसरा आजाद मार्ग पर स्थित होगा। तीन रेस्ट एरिया भी बनेंगे। पहला अडेरवा के पास नेवरना में और दूसरा पड़री खुर्द के पास बनेगा। इन रेस्ट एरिया के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर रेस्ट एरिया में आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएं भी होंगी। इनमें 10 बेड का अस्पताल और ट्रामा सेंटर शामिल है। एंबुलेंस की व्यवस्था भी रहेगी। सीएम ने एक्सप्रेस-वे पर शराब की दुकानों पर रोक लगाने का आदेश दिया है। पुरानी दुकानों के साइनबोर्ड छोटे किए जाएंगे ताकि चालकों का ध्यान न भटके ।मामलों में उन्नाव सहित प्रदेश के 14 जिले शीर्ष पर हैं। एक्सप्रेस-वे परियोजना से जुड़े प्रोजेक्ट मैनेजर ने जानकारी दी कि तीन रेस्ट एरिया के टेंडर लंबित हैं। उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार इनमें चिकित्सा सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। यदि समय से निर्माण कार्य पूरे हुए तो इस साल की दीवाली तक यह आधुनिक और सुरक्षित एक्सप्रेस-वे जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

# पेड़ की छांव तले आराम करते समय युवती को सांप ने काटा, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी उन्नाव। थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर गांव में एक युवती को बुधवार देर शाम पेड़ के नीचे बैठी युवती को सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने झाड़फूंक में सारा समय निकाल दिया। जिसके बाद परिजन सीएचसी बांगरमऊ शाम लगभग आठ बजे पहुंचे जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है ।घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है ।मिली जानकारी के अनुसार फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर गांव निवासी मंगलू की 25 वर्षीय बेटी रोशनी गांव के बाहर नीम के पेड़ की छांव में बैठी हुई थी.इसी दौरान आसपास बड़ी बड़ी घास खड़ी थी.उसी घास से निकले सर्प ने युवती को डस लिया.जिसके बाद युवती की हालत बिगड़ी और परिजन सीएचसी बांगरमऊ लेकर पहुंचे जहां पर मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# विद्यालय के पास से निकली विद्युत लाइन से छात्र व शिक्षक भयभीत


अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र में लगे हुए बिजली के झूलते तार और स्कूलों के पास से गई बिजली की लाइन कभी भी खतरे का कारण बन सकती है। चल रहे बरसात के मौसम में आए दिन होने वाली बिजली की फाल्ट से ग्रामीण भी परेशान हैं। क्षेत्र में वर्षो पहले लगाए गए बिजली के पोल और डाली गई लाइन ढीली हो जाने से तार लटकने लगे हैं। वहीं क्षेत्र के गांव तालिब पुर रहली के प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री के पास अन्दर से लाइन निकली है। विद्यालय के पास से निकली बिजली की लाइन और झूलते तार खतरा बने हैं। विद्यालय के शिक्षक इस समस्या से चिन्तित हैं। उन्होंने बिजली की लाइन को विद्यालय से दूर निकाले जाने की मांग प्रशासन से की है ताकि बिजली से होने वाली किसी भी समस्या से निजात मिल सके।

# विद्युत आपूर्ति में सुधार की हो रही तैयारियां लगभग 50 लाख तक होगा खर्च

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। अब इस समस्या से स्थायी समाधान के लिए नौ किमी लंबी नई लाइन बिछाई जाएगी, जिसमें कुल 129 विद्युत पोल लगाए जाएंगे। इसके अलावा हुसैननगर इलाके में लगभग 2400 मीटर लाइन को भूमिगत (अंडरग्राउंड) किया जाएगा। इससे दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी और मरम्मत का कार्य भी आसान हो सकेगा। इस योजना से भरत मिलाप, कंजी, कासिफअली सराय, दादामियां चौराहा, धवन रोड, तालिबसराय, केसरगंज समेत कई मोहल्लों को सीधा लाभ मिलेगा। गर्मियों में जहां घंटों बिजली गुल रहती थी, वहां अब 24 घंटे आपूर्ति की उम्मीद की जा रही है ।अधीक्षण अभियंता योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा और तीन से चार महीने के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। शहरवासियों को जल्द ही बेहतर और भरोसेमंद बिजली सेवा मिलेगी।

# मानसिक रूप से परेशान युवक ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। मानसिक रूप से परेशान किसान का शव बरामदे में रस्सी से लटका मिला, परिजन शव लटकता देख होश उड़ गए, मौत की सूचना से परिजन रो रो कर बेहाल हो गएक्षेत्र के नेवलगंज गांव निवासी प्रदीप कुमार त्रिवेदी 50 वर्ष पुत्र गणेश प्रसाद का बुधवार रात एक बजे शव घर के बरामदे में फंदे से लटका मिला ।परिजन सो कर उठे तो शव लटकता देख होश उड़ गए, मृतक की पत्नी रेनू ने बताया की पति ने आर्यावत बैंक से दो लाख के करीब किसान क्रेडिट कार्ड था जिसको जमा करने के लिए कई बार बैंक के कर्मचारी आए और दबाव बनाया इससे पति काफी मानसिक रूप से परेशान थे ,मृतक के एक लड़का एक लड़की जिनमे छोटा बेटा राज ,पत्नी रेनू, सहित मृतक दो भाईयो में बड़ा था छोटा भाई संजू रो रो कर बेहाल हो गएकोतवाली प्रभारी संदीप शुक्ला ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, मृतक के परिजनो ने अभी तक तहरीर नहीं दी है।

## सम्पादकीय

# मुंबई ट्रेन धमाके के पीड़ितों को 'इंसाफ' अब भी बाकी

मुंबई ट्रेन धमाके के सभी आरोपी बरी हो गए। ट्रायल कोर्ट ने फांसी और उम्रकैद की सजा सुनाई थी, लेकिन बंबई उच्च न्यायलय ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को पलटते हुए सभी 12 आरोपियों को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ मामला साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है तथा यह विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने यह अपराध किया है। यह फैसला शहर के पश्चिमी रेलवे नेटवर्क को हिला देने वाले आतंकवादी हमले के 19 साल बाद आया है। अदालत का यह फैसला महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के लिए अत्यंत शर्मिंदगी की बात है, जिसने इस मामले की जांच की थी। एजेंसी ने दावा किया था कि आरोपी प्रतिबंधित संगठन 'स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) के सदस्य थे और उन्होंने आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के पाकिस्तानी सदस्यों के साथ मिलकर यह साजिश रची थी। इस केस में एक आरोपी 2015 में ही सबूतों के अभाव में बरी हो गया था। 11 जुलाई 2006 को मुंबई में कई ट्रेन में आतंकियों सिलसिलेबार सात बम धमाके किए थे। इस हमले में 180 से अधिक लोगों की जान चली गई थी और कई अन्य लोग घायल हुए थे। बंबई उच्च न्यायालय ने आरोपियों के सभी इकबालिया बयानों को 'नकल' करने का संकेत देते हुए अस्वीकार्य घोषित कर दिया। अदालत ने इकबालिया बयान की विश्वसनीयता को और अधिक कम करते हुए कहा कि अभियुक्तों ने सफलतापूर्वक यह स्थापित कर दिया है कि इन इकबालिया बयानों के लिए उन पर अत्याचार किया गया था। अदालत ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण सिंडिकेट (मकोका) के प्रावधान इस मामले में लागू नहीं होंगे और इसके लिए मंजूरी 'बिना सोचे-समझे यांत्रिक तरीके से' दी गई थी। न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की विशेष पीठ ने कहा कि अभियोजन पक्ष अपराध में प्रयुक्त बमों के प्रकार को रिकार्ड में लाने में भी असफल रहा है तथा जिन साक्ष्यों पर उसने भरोसा किया वे आरोपियों को दोषी ठहराने में विफल रहे हैं। हाईकोर्ट का यह फैसला बताता है कि महाराष्ट्र एटीएस ट्रायल कोर्ट के फैसले के बाद सोता रहा और सबूतों को पुख्ता करने पर ध्यान नहीं दिया। उच्च न्यायालय ने 671 पन्नों के अपने निर्णय में साफ कहा है कि 'किसी अपराध के वास्तविक अपराधी को सजा देना, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश, कानून के राज को बनाए रखने और नागरिकों की सुरक्षा व संरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में आवश्यक कदम है। लेकिन किसी मामले को हल करने का झूठा दिखावा करना, यह दिखाना कि आरोपियों को न्याय के कठघरे में लाया गया है, केवल एक भ्रमपूर्ण समाधान की भावना पैदा करता है।' ऐसा भ्रामक निष्कर्ष न केवल जनता के विश्वास को कमजोर करता है, बल्कि समाज को झूठी तसल्ली देता है, जबकि असली खतरा अब भी आज़ाद घूम रहा होता है। यक्ष प्रश्न अब भी वहीं है कि आखिर मुंबई ट्रेन धमाके के असली गुनहगार कौन हैं? सैकड़ों पीड़ितों को इंसाफ कब मिलेगा? सच तो यही है कि धमाके किए गए थे, तो इस अपराध को किसी ने अंजाम दिया होगा, जिनको एटीएस ने पकड़ा, ट्रायल कोर्ट ने सजा दी, वे अगर हाई कोर्ट में बरी हो गए तो फिर असल अपराधी कहां हैं? क्या आतंकवादी घटना की जांच एटीएस इस लापरवाही से करेगी? महाराष्ट्र सरकार ने बेशक कहा है कि वह इस फैसले का अध्ययन कर आगे की कार्यवाही करेगी, लेकिन हाईकोर्ट के फैसले महाराष्ट्र एटीएस की पूरी जांच प्रक्रिया को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

उम्मीद
अरविंद जयतिलक



# धन-धान्य योजना से संवरेगी कृषि

केंद्र सरकार की पीएम धन-धान्य योजना का शुभारंभ कृषि को लाभकारी और किसानों की आर्थिक सेहत सुधारने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। छह साल तक चलने वाली इस योजना के लिए प्रति वर्ष 24000 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित कर दी गई है जिसके तहत देश के सर्वाधिक पिछड़े 100 जिलों के 1.70 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। अच्छी बात यह है कि इसमें 36 मौजूदा योजनाओं को भी जोड़ा जाएगा जिससे कृषि क्षेत्र में आमूलचूल सुधार की संभावना प्रबल होगी। इस योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने, पंचायत और खंड स्तर पर फसलों की कटाई के बाद भंडारण क्षमता में वृद्धि, सिंचाई सुविधाओं में सुधार, लचीली ग्रामीण आजीविका का निर्माण के अलावा लॉन्ग एवं शॉर्ट टर्म लोन उपलब्ध कराना है। निःसंदेह इस पहल से छोटे व सीमांत किसानों की आय बढ़ेगी तथा कृषि को भी आधुनिक तकनीकी से जोड़ने में मदद मिलेगी। यह तथ्य है कि कृषि विकास औद्योगिक विकास की तुलना में दोगुनी तेजी से गरीबी को कम करता है। साथ ही विकास को भी रफ्तार देता है। उदाहरण के लिए कृषि उत्पादन में एक प्रतिशत की वृद्धि औद्योगिक उत्पादन में 0.5 प्रतिशत और राष्ट्रीय आय में 0.7 प्रतिशत की वृद्धि करती है। इसे ध्यान में रखते हुए ही सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य की गणना करते समय ए2$ एफएल फॉर्मूला को अपनाया था। तब सरकार ने कृषि उत्पादन के नकद व अन्य सभी खर्चों समेत किसान परिवार के श्रम के मूल्य को भी जोड़ दिया। नतीजा सामने है। किसानों की आय में तेजी से वृद्धि हो रही है। वर्ष 2014 तक जो कृषि बजट 25000 करोड़ से भी कम हुआ करता था, वह आज बढ़कर 1.37 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। वर्ष 2014 से पहले जो कृषि क्षेत्र संकटग्रस्त और घाटे का सौदा हुआ करता था वह आज मुनाफे के सौदे में तब्दील हो रहा है। सरकार कृषि बाजार को मजबूती देने के लिए कृषि बजट में लगातार वृद्धि कर रही है। उसी का नतीजा है कि फसलों का रिकार्ड उत्पादन और निर्यात हो रहा है। भारत का कृषि निर्यात 50 बिलियन डॉलर की ऐतिहासिक ऊंचाई छू चुका है। सरकार की कोशिश डिजिटल तकनीक के जरिये कृषि को बढ़ावा देकर किसानों की माली मालत में बेहतर बदलाव लाना है। इसके लिए सरकार डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को तैयार कर रही है। इसके माध्यम से किसानों को फसलों के बारे में जानकारी देने, कौन-सी फसलें उगाई जाएं, फसलों की देखभाल कैसे हो, लोन एवं बीमा, फसल आकलन, बाजार की जानकारी और कृषि तकनीक उद्योग के विकास को समर्थन और स्टार्ट-अप्स को मदद के माध्यम से एक समावेशी विकास केंद्रित समाधान संभव हो पाना आसान होगा। सरकार ने इस योजना के लिए एक फंड भी तैयार किया है जिसका मकसद किसानों के सामने आ रही चुनौतियों को आधुनिक तकनीक से समाधान करना है। सरकार किसानों की आय में वृद्धि के लिए हर वर्ष कृषि उपजों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि कर रही है। वर्ष 2014 में जब केंद्र में नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार बनी तो गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य तकरीबन 1200 रुपये प्रति क्विंटल था। आज बढ़कर 2425 रुपये हो गया है जो दोगुने से भी अधिक है। इसी तरह 2014-15 में धान का समर्थन मूल्य 1360 रुपये था जो आज बढ़कर 2389 हो गया है। सरकार ने देश के किसानों की आय में वृद्धि के लिए राष्ट्रीय कृषि बाजार को नया आयाम दिया है। इसके लिए किसानों के हित में कई दर्जन योजनाओं को मूर्त रूप दिया है। उदाहरण के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के जरिये 'हर खेत को पानी' योजना चल रही है जो किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। किसानों को सरकारी बैंकों से कम ब्याज दर पर ऋण मिल रहा है। सरकार ने किसान क्रेडिट कार्य योजना की सुविधा उपलब्ध कराकर किसानों की तात्कालिक पैसे की समस्या को खत्म कर दिया है। इस योजना के तहत किसानों को सस्ती ब्याज दरों पर लोन की सुविधा उपलब्ध है। इसका असर यह हुआ है कि जो किसान पैसे के अभाव में अपनी खेती की शुरुआत नहीं कर पाते थे,



मानसून सत्र
राज कुमार सिंह

# पक्ष-विपक्ष की मानसूनी परीक्षा

रहा मानसून सत्र बेहद खास है। दरअसल बजट सत्र के बाद राजनीति की गंगा-जमुना में इतना पानी बह चुका है कि उसका असर मानसून सत्र पर पड़े बिना नहीं रहेगा। पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संघर्ष विराम संबंधी दावों, चीन से रिश्तों और बिहार में विशेष गहन मतदाता सूची परीक्षण समेत तमाम मुद्दों के तीर विपक्ष के तरकश में आ गए हैं तो वह सरकार को घेरने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगा। संसद का मानसून सत्र एक महीने चलेगा। इस बीच विदेश भेजे गए प्रतिनिधिमंडलों के चयन को लेकर भी सत्तापक्ष और विपक्ष में जुबानी जंग हो चुकी है।

आम तो संसद का कोई सत्र नहीं होता, पर सोमवार से शुरू हो रहा मानसून सत्र बेहद खास है। दरअसल बजट सत्र के बाद राजनीति की गंगा-जमुना में इतना पानी बह चुका है कि उसका असर मानसून सत्र पर पड़े बिना नहीं रहेगा। संसदीय कामकाज के आंकड़े जो भी कहें, पर सत्तापक्ष का आत्मविश्वास और आक्रामकता लौट आने के बावजूद विपक्ष के तेवर बजट सत्र में ढीले तो हरगिज नहीं थे। अब जबकि पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संघर्ष विराम संबंधी दावों, चीन से रिश्तों और बिहार में विशेष गहन मतदाता सूची परीक्षण समेत तमाम मुद्दों के तीर विपक्ष के तरकश में आ गए हैं तो वह सरकार को घेरने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगा। जिन परिस्थितियों में पाक-प्रायोजित आतंकी पहलगाम में 22 अप्रैल को 26 पर्यटकों की हत्या कर भागने में सफल हो गए और फिर जवाबी कार्रवाई के रूप में किए गए ऑपरेशन सिंदूर से शुरू भारत-पाक संघर्ष में अचानक विराम का श्रेय लेने के दावे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने किए, उस पर चर्चा के लिए विपक्ष ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी। विपक्ष ने अतीत के उदाहरण भी दिए थे। सरकार ने संसद में चर्चा का सही समय न होने का तर्क देते हुए उस मांग को न सिर्फ ठुकरा दिया, बल्कि विपक्ष के राष्ट्र प्रेम पर सवाल भी उठाए। हां, उसी के चलते संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से बुलाने का ऐलान अवश्य 47 दिन पहले ही कर दिया, जो एक महीने चलेगा। इस बीच विदेश भेजे गए प्रतिनिधिमंडलों के चयन को लेकर भी सत्तापक्ष और विपक्ष में जुबानी जंग हो चुकी है।

कमोवेश इसी समय संसद का मानसून सत्र हर वर्ष होता है, इसलिए सरकार की विधायी कार्यों की अपनी तैयारी है। सरकार आठ महत्वपूर्ण विधेयक पेश और पारित कराने का इरादा रखती है, जिनमें लंबे अरसे से जातीय हिंसा से ग्रस्त मणिपुर में राष्ट्रपति शासन बढ़ाने संबंधी विधेयक भी शामिल है। लगता है कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद भाजपा वहां अभी तक अपना घर भी दुरुस्त नहीं कर पाई है। अनुभव बताता है कि संसदीय गतिरोध के बावजूद सरकारें विधायी कार्य निपटाने का रास्ता निकाल ही लेती हैं, लेकिन पहलगाम से लेकर बिहार में विधानसभा चुनाव से चंद महीने पहले विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण तक विपक्ष के तरकश में मौजूद मुद्दों के तीर उसकी मुश्किलें अवश्य बढ़ाएंगे। दशकों से आतंकवाद ग्रस्त कश्मीर के पहलगाम सरीखे प्रमुख पर्यटक स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था न होने पर उठे सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया। बेशक सरकार ने सिंधु जल संधि स्थगित करने समेत कई बड़े कदम पाकिस्तान के विरुद्ध उठाए। ऑपरेशन सिंदूर के जरिये हमारी सेना ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकाने ध्वस्त करते हुए उसकी सेना को भी कड़ा सबक सिखाया, लेकिन अपनी सेना की बढ़त के बावजूद अचानक संघर्ष विराम से उठे सवाल भी अनुत्तरित हैं। विदेश मंत्रालय के खंडन के बावजूद ट्रंप संघर्ष विराम का श्रेय लेने से बाज नहीं आ रहे। हालांकि प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी भी स्पष्ट कह चुके हैं कि पाकिस्तान से जुड़े मामलों में भारत ने न तो कभी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार की है और न ही कभी करेगा। जी-7 शिखर सम्मेलन में ट्रंप और मोदी की मुलाकात होनी थी, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति के जल्दी लौट जाने के चलते नहीं हो पाई। बाद में फोन पर हुई बातचीत में ट्रंप ने मोदी को वापसी में अमेरिका आने का न्योता दिया, लेकिन प्रधानमंत्री ने पूर्व निधारित कार्यक्रमों के चलते असमर्थता जता दी। उसी फोन वार्ता में मोदी ने पाक से जुड़े मामलों पर भारत की परंपरागत नीति दोहरायी।

तर्क दिया जा सकता है कि प्रधानमंत्री के स्पष्टीकरण के बाद संघर्ष विराम के श्रेय संबंधी विवाद का पटाक्षेप हो जाना चाहिए, लेकिन चुनाव केंद्रित राजनीति में ऐसा होता नहीं है। इसलिए विपक्ष मानसून सत्र में पहलगाम में सुरक्षा संबंधी चूक से लेकर अचानक संघर्ष विराम तक हर मुद्दे पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश करेगा। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना को क्षति की अटकलों का हालांकि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल खंडन कर चुके हैं, लेकिन 'पांच युद्धक विमान गिरे' जैसे ट्रंप के अस्पष्ट बयान के बाद विपक्ष के रुख से लगता है कि यह सवाल सरकार से संसद के अंदर भी पूछा जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर के समय जिस तरह चीन, तुर्की और अजरबैजान, पाकिस्तान के साथ खड़े नजर आए तथा रूस और इजरायल के अलावा किसी बड़े देश ने भारत के प्रति समर्थन नहीं जताया, उसे ले कर विदेश नीति पर भी विपक्ष ने सवाल उठाए। अपने देश में विदेश नीति पर राजनीतिक सहमति की परंपरा रही है, लेकिन अब वह इतिहास की बात बनती दिख रही है। ऑपरेशन सिंदूर से शुरू संघर्ष में पाकिस्तान द्वारा बड़े पैमाने पर चीनी हथियारों के इस्तेमाल का खुलासा हुआ था। उसी चीन से रिश्ते सुधारने विदेश मंत्री जयशंकर यात्रा पर गए। उस पर उठ रहे सवाल भी संसद में गूंजेंगे। पाकिस्तान के साथ अब चीन भी भारतीय विदेश नीति के लिए जटिल पहेली बनता जा रहा है। अमेरिका से ट्रेड डील पर जारी रस्साकशी के मद्देनजर चीन से रिश्ते और भी संवेदनशील मसला है। देश की सुरक्षा और विदेश नीति से जुड़े इन मसलों पर विपक्षी हमलों से सरकार अपना बचाव कैसे करेगी, यह देखना दिलचस्प होगा।

ईवीएम की विश्वसनीयता पर उठते सवाल अब चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर ही केंद्रित होते जा रहे हैं। मतदान समाप्ति के कई दिन बाद मत प्रतिशत के अंतिम आंकड़े जारी करने और उसमें चौंकाने वाली वृद्धि पर उठते सवालों में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या में भारी वृद्धि पर सवाल भी जुड़ गए हैं, लेकिन तर्कसंगत जवाब नहीं मिला है। अंतरराष्ट्रीय ख्याति वाले भारतीय चुनाव आयोग की साख पर देश में ही उठते सवाल दुखद हैं, लेकिन इनसे बचने की जिम्मेदारी उसी की है। इसी साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों से चंद महीने पहले बिहार में विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान से चुनाव आयोग ने विपक्ष को अपने विरुद्ध एक और बड़ा मुद्दा दे दिया है। इसमें दो राय नहीं कि अवैध मतदाता चुनाव प्रक्रिया की शुचिता पर ही सवाल हैं, लेकिन कम समय में पुनरीक्षण की जटिल प्रक्रिया से अगर वैध मतदाता भी मताधिकार से वंचित हो गए तो वह चुनावों की निष्पक्षता और स्वतंत्रता पर बड़ा सवालिया निशान होगा। बेशक इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय में 28 जुलाई को सुनवाई है, लेकिन उससे पहले ही संसद में सरकार को विपक्ष के तीखे सवालों का जवाब देना पड़ सकता है। अगर आ पाया तो उच्च न्यायालय के जज यशवंत वर्मा के विरुद्ध महाभियोग भी मानसून सत्र में बड़ा मुद्दा बनेगा।

## एकनिष्ठ भक्ति



संकलित
दर्शन

अनेक महापुरुष हैं, अनेक देवी-देवता हैं, अनेक मार्ग हैं, किंतु एकनिष्ठता आवश्यक है। इसी कारण इष्ट देवता की अवधारणा है। घर की बहू सास, ससुर, जेठ, जेठानी सबका आदर सम्मान करती है, किसी की अवज्ञा या उपेक्षा नहीं करती। सबकी सेवा करती है, किंतु अपने पति को वह सबसे अधिक चाहती है। इसी तरह तुम भी अपने इष्ट देवता पर दृढ़ एकनिष्ठ भक्ति रखो, जबकि अन्य देवी-देवताओं का सम्मान करो, सबके प्रति श्रद्धा रखो। सभी देव एक ही परमेश्वर के रूप हैं। किंतु किसी एक के प्रति एकनिष्ठ रहो। चौसर के खेल में गोटी सब खानों का चक्कर लगाए बिना लक्ष्य पर नहीं पहुंचती। यदि दो गोटियां जोड़ी बांधकर इकट्ठी चलें तो उन्हें कोई काट नहीं सकता, नहीं तो अकेली गोटी लक्ष्य के पास पहुंचकर पकते-पकते भी कट जा सकती है। इसी प्रकार साधना के मार्ग पर भी यदि गुरु अथवा इष्ट के साथ युक्त होकर आगे बढ़ा जाए तो बाधा विघ्न का भय नहीं रहता, यात्रा निर्विघ्न रूप से सफल हो सकती है। एक बार किसी यात्री ने एक आदमी से कलकत्ता (अब कोलकाता) जाने का रास्ता पूछा। उस आदमी ने कहा, इस रास्ते से चले जाओ। थोड़ी दूर चलकर उसने और एक जन से रास्ता पूछा। उसने दूसरा रास्ता बताया। इस तरह वह थोड़ा सा आगे बढ़कर किसी से रास्ता पूछता तो पहले वाले का रास्ता छोड़ उस पर चल देता। ऐसा करते हुए वह रास्तों पर ही भटकता रहा, कलकत्ता नहीं पहुंच पाया। उसे किसी ऐसे व्यक्ति से रास्ता पूछना चाहिए था, जिस पर विश्वास हो कि वह सही मार्ग जानता है। एक उसी व्यक्ति से पूछकर उसके ही बताए मार्ग पर चलना चाहिए था।

## जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित
प्रेरणा

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस कीचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। बाघ भीधीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया।

## श्रावण मास



उत्तर प्रदेश के वाराणसी में सोमवार को पवित्र श्रावण मास के दूसरे सोमवार को काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए कांवड़िए कतारों में प्रतीक्षा करते हुए।

## आज की पाती

### साइबर क्राइम के बढ़ते कदम रोकने होंगे


जिस गति से साइबर क्राइम बढ़ रहा है, यह आम आदमी के लिए एक मुसीबत बन गई है और लुटेरों के लिए जैसे मनोरंजन और लॉटरी लगी है। हैरानी इस बात की है कि इस मर्ज की दवा किसी के पास नहीं। किसी को जब चाहें, अपराधी बंधक बना कर सब कुछ लूट लेते हैं और उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। देश में बड़ी संख्या में लोग इस क्राइम के शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर समस्या है और इससे आंख नहीं फेरी जा सकती। जहां डिजिटलाइजेशन के अनेक लाभ हैं, इससे कई गुणा हानियां भी हैं। द्वंद्व यह है कि इसे अपनाएं या नहीं? इस पर सभी को गंभीरता एवं शीघ्रता से समाधान निकालना होगा।

*-रवि शर्मा, भाटापारा*

## करंट अफेयर

### टीआरएफ को आतंकवादी घोषित करना सही कदम

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति ने पहलगाम हमले में संलिप्त पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने का स्वागत किया है। मिति ने कहा कि जो लोग आम नागरिकों की हत्या करते हैं, उन्हें माफ नहीं किया जाता, बल्कि उन्हें सजा दी जाती है। पिछले सप्ताह अमेरिका ने टीआरएफ को विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ) और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी (एसडीजीटी) घोषित किया था। रिपब्लिकन सांसद ब्रायन मास्ट की अध्यक्षता वाली समिति ने शनिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''राष्ट्रपति (डोनाल्ड) ट्रंप सच बोलते हैं।



## ऑफ बीट

### क्या पानी को एक से अधिक बार उबालना ठीक है

केतली लगभग हर घर में एक आवश्यक वस्तु है – इसके बिना हम गर्म पेय कैसे बनाएंगे? लेकिन क्या केतली में पिछली बार के बचे पानी को दोबारा उबालना ठीक है? हालांकि पानी को उबालने से वह कीटाणुरहित हो जाता है, लेकिन आपने सुना होगा कि पानी को एक से ज्यादा बार उबालने से वह हानिकारक हो जाता है और इसलिए आपको हर बार केतली खाली कर देनी चाहिए। ऐसे दावों के साथ अक्सर यह तर्क भी दिया जाता है कि दोबारा उबाले गए पानी में कथित रूप से खतरनाक पदार्थ जमा हो जाते हैं, जिनमें आर्सेनिक जैसी धातुएं या नाइट्रेट और फ्लोराइड जैसे लवण शामिल हैं। यह सच नहीं है



## ट्रेंड

### रोजगार में अभूतपूर्व वृद्धि



प्रधानमंत्री मोदी के सुधारों से संचालित भारत का रोज़गार इंजन सारे रिकॉर्ड तोड़ रहा है! ईपीएफओ ने मई 2025 में अब तक का सबसे ज़्यादा सदस्य जोड़ दर्ज किया है। मोदी के गतिशील नेतृत्व में औपचारिक रोज़गार पारिस्थितिकी तंत्र अभूतपूर्व वृद्धि देख रहा है।

**-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री**

### नोटिस दिया है



मैंने पहलगाम आतंकी हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद की स्थिति पर नियमों के मुताबिक सदन में नोटिस दिया है। पहलगाम आतंकी हमला 22 अप्रैल को हुआ था और उसे अंजाम देने वाले आतंकी आज तक न पकड़े गए और न मारे गए।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### लोकतंत्र के द्वार बंद किए थे



स्वतंत्र, निडर और गरिमापूर्ण मतदान का अधिकार, जिसे आज हम सहजता से लेते हैं, एक समय बंगाल के लोगों को एक दमनकारी शासन के तहत नकार दिया गया था, जिसने असहमति को दबा दिया था और लोकतंत्र के द्वार बंद कर दिए थे।

**-ममता बनर्जी, सीएम प. बंगाल**

### शब्द वापस नहीं लिए जा सकते



अगर आप फिसलकर गिर भी जाएं, तो आप हमेशा खुद को संभाल सकते हैं और आगे बढ़ सकते हैं, लेकिन अगर आप किसी से कुछ ग़लत कह देते हैं, तो आप माफ़ी मांग सकते हैं, लेकिन एक बार बोले गए शब्दों को वापस नहीं लिया जा सकता।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

## संक्षेप

### जमीन विवाद पर नया मोड़

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, जमीन विवाद में नया मोड़ आया है। सपा नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र राजू चौधरी ने एसडीएम को पत्र सौंपकर स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने कहा कि विवादित जमीन गुरुद्वारे की नहीं, बल्कि उनकी पुश्तैनी संपत्ति है।मामले में मंजू सागर ने परिवार के सदस्यों से दो बिस्वा जमीन खरीदी है। सुभाष चौधरी से एक बिस्वा जमीन एक लाख रुपए में और रामसागर व प्रेमसागर से एक बिस्वा जमीन डेढ़ लाख रुपए में ली गई। यह जमीन व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स के लिए लंभुआ सुल्तानपुर और अमृतसर पंजाब के बिल्डरों को दी गई है। धर्मेंद्र कुमार और संतोष कुमार चौधरी का आरोप है कि मंजू सागर और उनके बेटे देवश सागर कसौधन जानकारी छिपाकर जनप्रतिनिधियों को भ्रमित कर रहे हैं। साथ ही धार्मिक एंगल का डर दिखाकर परिवार के अन्य सदस्यों पर जमीन बेचने का दबाव बना रहे हैं। सपा नगर अध्यक्ष ने बताया कि पिछले दस दिनों से उन पर गुरुद्वारा अखाड़ा संगत की जमीन पर कब्जे का आरोप लग रहा है। विवादित जमीन के कुछ हिस्से में उदासीन अखाड़ा स्थित है। आसपास की कुछ जमीन पर अन्य लोगों का कब्जा है। उपजिलाधिकारी से नोटिस मिलने के बाद उन्होंने जिलाधिकारी कार्यालय में सभी दस्तावेज जमा कर दिए हैं। उनका आरोप है कि भाजपा की एक नेता सत्ता का दुरुपयोग कर इस मामले को बढ़ा रही है। कुछ लोगों ने भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी और विधायक विनोद सिंह को भी गुमराह किया है। चौधरी ने स्पष्ट किया कि यह व्यक्तिगत मामला है। इसका किसी राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि यह जमीन कई पीढ़ियों से उनके परिवार की है।

### यूपी में स्कूल मर्जर का विरोध

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश में सरकारी स्कूलों के विलय के विरोध में समाजवादी पार्टी की महिला सभा ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा है। सुलतानपुर की जिला अध्यक्ष शारदा यादव के नेतृत्व में मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर महिला सभा ने प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के मर्जर को तत्काल रोकने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश सरकार हजारों प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों का जबरन विलय कर रही है। साथ ही स्कूली रसोइयों को भी रोजगार से वंचित किया जा रहा है। महिला सभा ने मांग की है कि सभी रसोइयों को पुनः बहाल किया जाए। उन्हें सम्मानजनक मानदेय और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ा जाए। शिक्षा के अधिकार कानून के अनुसार, महिला सभा ने हर बस्ती में 1 किलोमीटर की परिधि में प्राथमिक विद्यालय और 3 किलोमीटर के दायरे में उच्च प्राथमिक विद्यालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि गरीब और पिछड़े वर्ग के बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। शिक्षा का प्रसार समाज के निचले स्तर तक पहुंचना जारी रहना चाहिए।

# 05 सूचकांकों में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सिल्वर मेडल से सम्मानित होंगी डीएम

## नवनिर्मित आडिटोरियम में आयोजित होगा सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी के कुशल नेतृत्व एवं मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र कुशल मार्गदर्शन के परिणामस्वरूप आकांक्षी जनपद बहराइच द्वारा एडीपी तथा एबीपी अन्तर्गत आकाक्षी जनपद एवं आकांक्षी ब्लाक की श्रेणी में 05-05 सूचकाकों में शत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित की गई है। जनपद द्वारा आकांक्षी जनपद एवं आकांक्षी ब्लाक श्रेणी में उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित करने पर 28 जुलाई से 02 अगस्त 2025 के मध्य लखनऊ में आयोजित सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह जनपद एवं विकासखण्ड के लिए अलग-अलग श्रेणियों में जिलाधिकारी को सिल्वर मेडल प्रदान किया जायेगा। आकांक्षी जनपद प्रोग्राम (एडीपी) एवं आकांक्षी ब्लाक प्रोग्राम (एबीपी) अन्तर्गत 05-05 सूचकांकों गर्भावस्था की पहली तिमाही में एएनसी पंजीकरण, 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों की उच्च रक्तचाप व मधुमेह जांच, आंगनबाड़ी के अन्तर्गत पूरक पोषण नियमित रूप से प्राप्त करने वाली महिलाओं तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण में जनपद द्वारा शत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित की गई है। नीति आयोग द्वारा आकांक्षात्मक जनपद कार्यक्रम (एडीपी) तथा आकांक्षात्मक विकासखण्ड कार्यक्रम (एबीपी) अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में सम्पूर्णता अभियान कार्यक्रम अन्तर्गत जुलाई 2024 से सितम्बर 2024 तक एडीपी के 06 इण्डीकेटर स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास एवं बुनियादी ढाचा तथा एबीपी हुजूरपुर के 06 इण्डीकेटर को संतृप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि जनपद स्तर पर 28 जुलाई से 02 अगस्त 2025 के मध्य सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह आयोजन के सम्बन्ध में बुधवार को देर शाम मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने विकास भवन सभागार में जिले के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि 05 सूचकांकों में उत्कृष्ट उपलब्धि अर्जित करना जनपद के लिए सम्मान की बात है। श्री चन्द्र ने बताया कि सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह में इण्डीकेटरों से सम्बन्धित फ्रन्ट लाइन वकर्स, कृषि सहायक मित्र, शिक्षा सहायक मित्र, आशा, ए.एन.एम, आंगनबाडी वर्कर/सहायिका वर्कर, स्वयं सहायता समूह के सदस्य आदि को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों निर्देश दिया कि सफल आयोजन के लिए समय से पूर्व सभी तैयारियां कर ली जायें। सीडीओ श्री चन्द्र ने बताया कि सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह के दौरान ही कपूरथला में नवनिर्मित आडिटोरियम का लोकार्पण भी किया जायेगा। इस अवसर पर नीति आयोग भारत सरकार के वोकल फार लोकल कार्यक्रम के अन्तर्गत स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाये गये विविध उत्पादों एवं हस्तशिल्प को प्रदर्शित करने हेतु एक सप्ताह के लिए जनपद स्तर पर आकांक्षा हाट भी लगायी जायेगी। हॉट में प्रदर्शित उत्पाद आमजन द्वारा क्रय किये जा सकेंगे। सीडीओ ने बताया कि आकांक्षा हाट के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं पोषण मेला, निःशक्त महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन एवं कृषि सहित अन्य योजनाओं के संतृप्तिकरण हेतु काउन्टर भी लगायें जायेंगे। श्री चन्द्र ने आमजन से अपील की है कि सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह व आकांक्षा हाट में प्रतिभाग कर आयोजन का लाभ उठायें।

# भीषण गर्मी में विद्यालय के समय परिवर्तन की मांग

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच जिलाध्यक्ष आनंद मोहन मिश्र ने जिलाधिकारी बहराइच मोनिका रानी कों पत्र देकर परिषदीय विद्यालयों में समय परिवर्तन की मांग की है। बताते चले भीषण गर्मी एवं उमस का प्रकोप चरम पर है। इस विकट परिस्थिति में परिषदीय विद्यालयों में अध्ययन छात्र-छात्रों विशेष तौर पर ग्रामीण अंचलों से आने वाले बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। छात्रों को अत्यधिक गर्मी में लंबी दूरी तय कर विद्यालय आना-जाना पड़ता है जिससे वह गर्मी जनित बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देना अत्यंत आवश्यक है। जिला अध्यक्ष आनंद मोहन मिश्र ने बताया है कि तेज धूप व अत्यधिक उमस से जनजीवन अत्यधिक प्रभावित है। जनपद बहराइच में बारिश न होने के कारण अत्यधिक गर्मी पड़ रही है।जिसके चलते विद्यालय के संचालन समय में परिवर्तन करते हुए सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक निर्धारित किए जाने का पत्र में उल्लेख किया है।

# जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 12 अगस्त को

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 12 अगस्त 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने बताया कि जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक में नहरों की समुचित सफाई, नहरों की कटिंग तथा टेल तक पानी की उपलब्धता, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों का संचालन व बन्दी की समीक्षा, सिंचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ सिंचाई मंत्री द्वारा निर्देशित अन्य कार्यो पर चर्चा की जायेगी। सदस्य सचिव ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

# रुपईडीहा पत्रकार संघ की बैठक नवाबगंज के ग्राम तिगड़ा में हुई सम्पन्न



अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। रुपईडीहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तिगड़ा में पत्रकार रमेश कुमार सिंह के आवास पर एक महत्वपूर्ण पत्रकार बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में क्षेत्र के कई सक्रिय पत्रकारों ने भाग लिया और पत्रकारिता से जुड़ी मौजूदा चुनौतियों, जिम्मेदारियों एवं सामाजिक दायित्वों पर गंभीर चर्चा की गई। बैठक का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर पत्रकारों के बीच समन्वय, निष्पक्ष रिपोटिंग एवं प्रेस की स्वतंत्रता को बनाए रखने को लेकर सामूहिक दृष्टिकोण विकसित करना रहा। इस दौरान उपस्थित पत्रकारों ने आपसी सहयोग और समर्थन की भावना को मजबूत करने पर भी बल दिया। बैठक में रुपईडीहा पत्रकार संघ के संरक्षक शेर सिंह कशौधन, शकील अहमद, संजय गुप्ता, सिद्धनाथ गुप्ता, अध्यक्ष संजय वर्मा, उपाध्यक्ष भीमसेन मिश्रा, महामंत्री एम.अरशद, कोषाध्यक्ष अमित मदेशिया, मीडिया प्रभारी रजा इमाम रिजवी, पत्रकार मोहम्मद कौशर, दीपेंद्र मिश्रा, मो० सलीम, रमेश कुमार सिंह, श्याम कुमार मिश्रा, धीरेंद्र कुमार शर्मा, संतोष कुमार शुक्ला आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# राम राजा सरकार की नगरी ओरछा धाम के लिए कांवड़ियों का जत्था हुआ रवाना

## ग्राम प्रधान ने श्रद्धालुओं का किया स्वागत

अमन लेखनी समाचार



गरौठा। ग्राम पंचायत वीरपुरा से धर्म नगरी ओरछा धाम के लिए प्रभु श्री राम राजा सरकार जी के दर्शन और परिक्रमा के लिये श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हो गया। इस दौरान ग्राम प्रधान नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने तिलक लगाकर ओर उपहार देकर सभी का को रवाना किया और ईश्वर से सभी की मंगल यात्रा की कामना की।इस मौके पर निवर्तमान प्रधान जाहर सिंह पटेल, राजेंद्र मुखिया जितेंद्र गौतम, बालमुकुंद पटेल, किशोरी लंबरदार बैनी प्रसाद पटेल, धर्मपाल पटेल, रवि गोस्वामी, बब्लू खान, अमान, राजू साहू, पप्पू साहू, प्यारे पटवा, कुलदीप पटेल, रंजीत पटवा, छक्की पटेल, ईश्वर भाई, घना अहिरवार, हरदयाल अहिरवार, खान, पुष्पेंद्र राठौर, लल्ला कुशवाहा, अशोक पाल, सोम, ईश्वर डॉक्टर, मुकेश पांचाल, अरविन्द कुशवाहा आदि ग्राम के समस्त धर्म प्रेमियों द्वारा ढोल बाजे के साथ भक्तजनों को रवाना किया गया।

# स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली




अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली के सेवन से कैंसर जनित बीमारियों के कारण केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार थाई मांगुर प्रजाति की मछलियां पूर्णतया प्रतिबंधित है। साथ ही राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के आदेशों के अनुपालन में क्लारियस गैरीपिनस प्रजाति की मछलियों एवं मत्स्य बीज को नष्ट कर दिया जायेगा, जिसका कोई मुआवजा देय नहीं होगा एवं नियमानुसार सम्बन्धित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही भी की जा सकती है। यह जानकारी देते हुए सहायक निदेशक मत्स्य ने जनपद के समस्त मत्स्य पालकों एवं मत्स्य विक्रेताओं को सचेत किया है कि प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली के पकड़े जाने पर विनिष्टीकरण कार्यवाही के दौरान हुए व्यय को भी पकड़े गये व्यक्ति से वसूल किया जायेगा।

# उधारी के पैसे मांगने पर धर्मकांटा मालिक पर हमला

## अमेठी में कार और धर्मकांटे में तोड़फोड़, 5 लोगों के खिलाफ केस

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, जामो थाना क्षेत्र में एक धर्मकांटा मालिक से उधार लिए पैसों को लेकर विवाद हो गया। जगदीशपुर निवासी अवसर अहमद उर्फ सोनू पिछले तीन वर्षों से लकड़ी का व्यवसाय कर रहे हैं। उन्होंने शिवगढ़ घाटमपुर के राम ज्ञानी को एक साल पहले 40 हजार रुपए उधार दिए थे। जब अवसर ने पैसे मांगे तो विवाद हुआ।

राम ज्ञानी अपनी बेटी पूनम, बहन फूलमाता, पत्नी और बेटे करन के साथ धर्मकांटे पर पहुंचा।

आरोपियों ने पहले अवसर की कार में तोड़फोड़ की। जब अवसर ने विरोध किया तो धर्मकांटे के रूम में घुसकर ईंट-पत्थर फेंके। लाठी-डंडे से की पिटाई इस दौरान कंप्यूटर, प्रिंटर समेत अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गया। आरोपियों ने लाठी-डंडों से अवसर की पिटाई भी की। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन महिलाओं सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 10 अगस्त से तीन ब्लॉकों में चलेगा एमडीए अभियान

## घर-घर खिलाई जाएगी फाइलेरिया से बचाव की दवा

### अभियान की सफलता में अहम होगी प्रधानों की भूमिका

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत प्रदेश के 27 जिलों में 10 अगस्त से शुरू होने जा रहे मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) राउंड को लेकर तैयारियाँ तेज हो गई हैं। राज्य स्तर पर इन सभी जिलों के माध्यमिक व बेसिक शिक्षा विभाग और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को अभियान में सहयोग देने का संकल्प दिलाया जा चुका है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए बुधवार को देरशाम जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित द्वितीय जिला समन्वय समिति की बैठक में अंतरविभागीय समन्वय को मजबूत करने के लिए विभागवार जिम्मेदारियाँ तय कीं। बैठक में डीएम ने पिछले अभियान में कार्यकताओं को भुगतान, दवाओं की उपलब्धता, प्रशिक्षण की स्थिति, ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर और सुपरवाइजर की संख्या, दवा वितरण योजना, और प्रचार सामग्री (बैनर, पोस्टर, ऑडियो संदेश) की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही शिक्षा, किशोर स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी, खाद्य एवं रसद और पीएम किसान योजना से जुड़े अधिकारियों को सक्रिय भागीदारी के निर्देश दिए।जनपद के 03 विकास खण्डों में संचालित होने वाले अभियान के सम्बन्ध में सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि फाइलेरिया मच्छरों से फैलने वाली गंभीर बीमारी है, जिसमें हाथ, पैर, स्तन या अंडकोष में असामान्य सूजन आ जाती है। यह किसी भी उम्र में हो सकती है। डॉ. कुमार ने बताया कि एमडीए अभियान के दौरान साल में एक बार दी जाने वाली सुरक्षित दवाओं के सेवन से फाइलेरिया जैसी घातक बीमारी से बचाव संभव है। उन्होंने बताया कि इस बार यह अभियान कैसरगंज, तेजवापुर और नवाबगंज ब्लॉकों में चलाया जाएगा। स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर दवा खिलाएँगे, जिसमें दो वर्ष से छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रोगियों को छोड़कर सभी को दवा दी जाएगी। जिला फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी दीपमाला ने बताया कि जनपद में एमडीए अभियान के लिए 645 टीमों का गठन किया गया है, जिनमें 1290 ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर और 112 सुपरवाइजर शामिल हैं।डीएम मोनिका रानी ने ग्राम प्रधानों की अहम भूमिका को देखते हुए सभी बीडीओ को निर्देशित किया कि अभियान की शुरूआत ग्राम प्रधानों के माध्यम से कराई जाए। प्रचार-प्रसार के लिए नगरपालिका की प्रचार गाड़ियों पर बैनर, पोस्टर और ऑडियो संदेशों के जरिए जागरूकता फैलाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा लोग तभी दवा लेंगे जब उन्हें बीमारी और बचाव की जानकारी दी जाए। हर गाँव तक संदेश पहुँचना हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ संतोष राना, डॉ आरबीवर्मा, मेडिकल कालेज से कम्युनिटी मेडिसिन विभाग से डॉ निपेंद्र, डब्ल्यूएचओ एसएमओ डॉ विपिन लिखोरे, डीपीएम सरजू खान, डीएचईआईओ बृजेश सिंह, पाथ संस्था से अभिषेक, पीसीआई से डॉ रमन कुमार सोनी, फाइलेरिया इंस्पेक्टर विमल कुमार व रतनेश सहित सम्बंधित ब्लाक के अधीक्षक व बीसीपीएम व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# 3 महीने बाद लिया बदला, पीट-पीटकर मार डाला

## दबंगों को सुरती देने से किया था मना, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार




सुलतानपुर, लंभुआ में सूरती न देने का बदला लेने के मामले में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के गरये गांव की है। रचेंद्र (24) राजस्थान में मजदूरी करता था। तीन महीने पहले जब वह घर आया था, तब गांव के धीरज सिंह और शुभम सिंह ने उससे सुरती मांगी थी। रचेंद्र के पास सुरती नहीं थी और उसने देने से मना कर दिया। रचेंद्र अपने साथी रोहित के साथ बाइक से घर लौट रहा था। रास्ते में धीरज और शुभम ने उसे रोका। पुरानी बात को लेकर पैसों की मांग की। रचेंद्र के मना करने पर दोनों ने उसके सिर पर डंडे से वार कर दिया। गंभीर चोट के कारण लखनऊ में उसकी मौत हो गई। मां संगीता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया। आरोपी हिमांशु सिंह उर्फ धीरज सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। उस पर पहले से पांच गंभीर मामले दर्ज हैं। दूसरे आरोपी शुभम की तलाश जारी है। युवक की दो साल पहले सपना से शादी हुई थी। उनकी पांच महीने की बेटी है। रचेंद्र चार भाई और एक बहन में से एक था। उसका बड़ा भाई रंजीत पेंटर है, दूसरा भाई रविशंकर राजगीर है और छोटा भाई सुजीत बंगलौर में टाइल्स का काम करता है।

# जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ी

## डायरिया–बुखार के मरीजों के लिए 10 बेड का विशेष वार्ड, रोजाना 1200 मरीज पहुंच रहे

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, जिला अस्पताल में मौसम परिवर्तन के कारण मरीजों की संख्या में तेज वृद्धि देखी जा रही है। पहले जहां प्रतिदिन लगभग एक हजार मरीज पहुंचते थे, वह संख्या अब बढ़कर 1200 हो गई है। जिला अस्पताल के जनरल फिजिशियन डॉ. अमित यादव के अनुसार, गर्मी और बीच-बीच में हो रही बारिश के कारण वायरल फीवर के मामले बढ़े हैं। उन्होंने लोगों को बाहर का खाना और बासी भोजन खाने से बचने की सलाह दी है। साथ ही डिहाइड्रेशन से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीने को कहा है। स्थिति से निपटने के लिए अस्पताल प्रशासन ने 10 बेड का एक विशेष वार्ड आरक्षित किया है। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. बद्री प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि अस्पताल में सभी आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। मरीजों के इलाज के लिए सभी जरूरी इंतजाम कर लिए गए हैं। वर्तमान में सबसे अधिक डायरिया, सर्दी और जुकाम के मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग मौसम परिवर्तन से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# हाइवे पर खड़े ट्रेलर में घुसा ऑटो

## मां–बेटे की मौत, चालक समेत 4 घायल; 2 ट्रॉमा सेंटर रेफर, इलाज कराकर लौट रहे थे

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर एक सड़क हादसा हुआ। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के बगहा बाबा के पास हाईवे पर खड़े ट्रेलर में एक ऑटो जा घुसा। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए।

इसमें चालक समेत दो को लखनऊ रेफर किया गया है। मृतकों की पहचान लंभुआ कोतवाली के रामगढ़ निवासी कमला देवी (60) और उनके बेटे शम्भू नाथ (40) के रूप में हुई है। घायलों में ऑटो चालक शंकर निषाद, शिव कुमारी, पुनीता और कंचन वर्मा शामिल हैं। सभी लोग इलाज और दीवानी मुकदमे की तारीख लेकर घर लौट रहे थे। हादसे के समय हाईवे पर एक ट्रेलर बिना किसी चेतावनी के खड़ा था, जिस पर ट्रैक्टर लदा हुआ था। ऑटो सीधे उसी में जा घुसा। कमला और शम्भू नाथ की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। डॉक्टरों ने कमला और शम्भू नाथ को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल चालक शंकर को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। अन्य घायलों का इलाज जारी है। एसएचओ अखिलेश सिंह ने कहा कि मामले की जानकारी मिल गई है और शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### जल संरक्षण पर विशेष चौपाल

**महिलाओं को बनाया जल सहेली, ग्रामीणों को सिखाए पानी बचाने के तरीके**

गाजियाबाद, मुरादनगर के कुशलिया गांव में एनवायरमेंट क्लब गाजियाबाद और भूगर्भ जल विभाग ने जल चौपाल का आयोजन किया। जिला विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तव मुख्य अतिथि रहीं। एनवायरमेंट क्लब के संस्थापक सावन कनौजिया ने बताया कि पानी का संकट बढ़ रहा है।उन्होंने खुले पाइप की जगह बर्तन या बाल्टी में पानी भरकर उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही तालाब और कुओं की सफाई पर जोर दिया। क्लब के 'आधा ग्लास काफी है' अभियान के तहत जरूरत भर पानी लेने की अपील की गई।गांव की महिलाओं को जल सहेली और पुरुषों को जलमित्र बनाया गया।इन्हें पानी बचाने के लिए लोगों को जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई। भूगर्भ जल विभाग, गौतमबुद्ध नगर खंड की सहायक भूभौतिकीविद् सृष्टि जायसवाल ने 'जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित' थीम पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि तालाब धरती में पानी भेजने का सबसे अच्छा माध्यम हैं।

### दहेज हत्या में चार आरोपी दोषी करार

**ससुराल वालों को 7 साल की सजा, 3-3 हजार का जुमार्ना भी**

बुलंदशहर, नरसैना थाना क्षेत्र में 2018 में हुई दहेज हत्या के मामले में न्यायालय ने चारों आरोपियों को दोषी करार दिया है।एडीजे-02 की अदालत ने मृतका के पति रमेश, सास नन्ही और देवर सचिन व मोहित कुमार को 7-7 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक आरोपी पर 3,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। मामला मोहल्ला तकियावाला, कस्बा बुगरासी का है।मृतका के पिता कन्हैया ने 2 मई 2018 को थाना नरसैना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि उनकी बेटी को अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाता था। इसी दौरान उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले में धारा 498ए, 323, 304बी और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत केस दर्ज किया। 4 जुलाई 2018 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया।यह मामला उत्तर प्रदेश पुलिस के 'ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान के तहत चिह्नित किया गया। बुलंदशहर पुलिस की मॉनीटरिंग सेल ने प्रभावी पैरवी की। मामले में 12 गवाहों की गवाही दर्ज की गई।

### मशीन नहीं चलाना जानने के बावजूद काम करवाया

**ग्रेटर नोएडा में मजदूर की 4 उंगलियां कटीं, कंपनी मालिक समेत 4 पर केस**

जेवर, ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-1 में एक कंपनी में हुए हादसे का मामला सामने आया है। यहां एक मजदूर की चार उंगलियां कटने के बाद कंपनी मालिक समेत चार लोगों पर केस दर्ज किया गया है। बुलंदशहर के खुर्जा निवासी शिवा 4 अप्रैल को कंपनी में काम कर रहा था। कंपनी के सीनियर अधिकारियों ने उसे एक ऐसी मशीन चलाने को कहा, जिसे वह चलाना नहीं जानता था।मना करने के बावजूद उसे मशीन चलानी पड़ी।

# प्रेम व वैराग्य की साकार मूर्ति थे स्वामी अखंडानंद सरस्वती महाराज : महन्त स्वामी श्रवणानंद सरस्वती महाराज

अमन लेखनी समाचार

वृन्दावन।मोतीझील स्थित अखंडानंद आश्रम ( आनंद वृन्दावन ) में आश्रम के संस्थापक स्वामी अखंडानंद सरस्वती महाराज का 114 वां जन्म महोत्सव आनंद जयंती के रूप में अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम पूज्य महाराजश्री की प्रतिमा एवं गुरु चरण पादुकाओं का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन किया गया। तत्पश्चात संत-विद्वत सम्मेलन का आयोजन सम्पन्न हुआ।जिसकी अध्यक्षता करते हुए श्रीउमा शक्ति पीठाधीश्वर दंडीस्वामी रामदेवानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि मन, बुद्धि व शरीर की शक्ति की सीमा होती है।सन्त मातृ हृदय होते हैं।आनंद वृन्दावन आश्रम की परम्परा विश्व प्रतिष्ठित है।महाराजश्री के द्वारा रचित साहित्य का अवलोकन करने से उनका परिचय प्राप्त होता है।शरीर की पूजा इसलिए की जाती है,क्योंकि उसमें एक महान आत्मा का प्रवेश होता है। आश्रम के अध्यक्ष आचार्य महन्त स्वामी श्रवणानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि महाराजश्री प्रेम व वैराग्य की साकार मूर्ति थे।संन्यास का जीवन दिव्यातिदिव्य है।महाराजश्री ब्रह्मनिष्ठा के साक्षात प्रतीक हैं।?पावन प्रसंग? में वर्णित संस्मरणों में महाराजश्री का परिचय प्राप्त होता है।भौतिक वस्तुओं से सुख की प्राप्ति नहीं होती बल्कि अपने को जान कर ही सुख की प्राप्ति सम्भव है। डॉ. स्वामी गोविंदानंद सरस्वती महाराज व पण्डित राजाराम मिश्र ने कहा कि महापुरुषों की सदकीर्ति सतत सहज प्रवाहमान होती है।सद्गुरु हमारे दोषों को दूर कर बुद्धि को निर्मल करते हैं।ऐसा कोई विषय नहीं है जिस पर महाराजश्री ने न लिखा हो। स्वामी रमेशानंद जी सरस्वती महाराज व प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि महाराजश्री साक्षात प्रेम के स्वरूप थे। उनकी दृष्टि में सभी समान थे।भक्ति वेदांत की व्याख्या उन्होंने बड़े ही सहज रूप में की है। कार्यक्रम में स्वामी शिवस्वरूप महाराज, स्वामी महेशानंद सरस्वती महाराज, स्वामी प्रेमानंद सरस्वती, स्वामी विश्वात्मानंद, रामचेतन महाराज, वासुदेव दास महाराज, हरिदास महाराज, आचार्य अखिलेश शास्त्री, सुरेन्द्र भाई शाह, चिराग भाई शाह, सपना शाह, हेमंत सेठी, उड़िया बाबा आश्रम के प्रबंधक आचार्य कुलदीप दुबे, हरीश अग्रवाल, अखंडानंद आश्रम के प्रबंधक विजय द्विवेदी, आचार्य मनोज शुक्ला, डॉ. राधाकांत शर्मा के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।संचालन संत सेवानंद ब्रह्मचारी महाराज ने किया।महोत्सव का समापन संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ हुआ। जिसमें सैकड़ों व्यक्तियों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।



# प्रशासन ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




बकेवर, फतेहपुर। वांछित वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बकेवर पुलिस द्वारा 104/2025 धारा 87/137(2) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त मुकेश कुमार पुत्र मुनीम विश्वकर्मा निवासी ग्राम दुबेपुर थाना बकेवर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक कप्तान सिंह थाना कांस्टेबल अतुल पाल कांस्टेबल ओमजी शामिल रहे।

# जीआरपी पुलिस ने पकड़ा गांजा तस्कर

अमन लेखनी समाचार



मथुरा।जनपद मथुरा में जीआरपी पुलिस एवं मथुरा जंक्शन क्षेत्र के अंतर्गत जीआरपी चौकी कोसीकला पुलिस टीम द्वारा अवैध गांजे की तस्करी करने वाले एक अभियुक्त को लगभग 6 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया है गिरफ्तार तस्कर छोटू यादव पुत्र बालचंद यादव निवासी ग्राम नेमी दनियावां थाना दनियावां जिला पटना बिहार का रहने वाला है मथुरा जंक्शन प्रभारी निरीक्षक यादराम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्त कोसीकला के प्लेटफार्म नंबर 1 2 पर बने पैदल पुल के नीचे उसकी सीट से दोपहर 2:00 के करीब गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार अभियुक्त के पास 6 किलो 976 ग्राम अवैध गांजा छोटे-छोटे पैक्तों के रूप में जप्त कर लिया है गिरफ्तार तस्करों के द्वारा उड़ीसा से गांजे की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर दिल्ली में झुग्गी में रहने वाले मजदूरों को बेच देता हूं

# शातिर चोरों से पुलिस मुठभेड़ चार गिरफ्तार दो फरार

**संयुक्त कार्रवाई के दौरान हुई गिरफ्तारी**

**भारी मात्रा मे विद्युत तार काटकर चोरी की घटना को देते थे अंजाम**

अमन लेखनी समाचार

जनपद मथुरा में लगातार विद्युत तार की चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गैंग के साथ पुलिस मुठभेड़ के दौरान 4 अपराधी गिरफ्तार किए गए जिसमें जवाबी कार्रवाई में दो अपराधियों के पैर में बोली लगी और मौके से दो फरार हो गए गिरफ्तार बदमाशों के पास करीब दो कुंतल 75 किलो विद्युत तार एवं तार काटने का उपकरण के साथ भारी मात्रा में असलाह कारतूस एक छोटा हाथी सहित 3 लाख रुपए बरामद किए गए बरामद विद्युत तार की कीमत लगभग नौ लाख रुपए बताई जा रही है थाना फराह क्षेत्र के बलदेव चुरमुरा रोड़ पर बदमाशों से हुई मुठभेड़मुठभेड़ के दौरान घायल पिंटू और भोला दोनों बदमाशों को उपचार के लिए भेजा जिला अस्पताल मुठभेड़ में घायल बदमाश पिंटू हरिशंकर नमन आगरा के निवासी हैं वही भोला हाथरस का रहने वाला है मुठभेड़ के दौरान मौका पाकर दो बदमाश श्याम और तेजवीर फरार हो गएघटना कारित करने से पहले विद्युत तारों पर कटिया डालकर विद्युत सप्लाई चैक कर साथ लाये उपकरणों से विद्युत सप्लाई बाधित कर तार काटने के उपकरण से विद्युत तार काटकर चोरी करके साथ लाये वाहन में लाध कर फरार हो जाते हैं ।



# गोवर्धन में गैंगस्टर ने दी पत्रकार को जान से मारने की धमकी

**पीड़ित पत्रकार ने राधाकुन्ड पुलिस चौकी में दी लिखित तहरीर**

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। भारत नेशन न्यूज के ब्यूरो चीफ प्रकाश ओम लवानिया से गैंगस्टर ने की अभद्रता गाली गलौज करते हुए दी जान से मारने की धमकी जनपद मथुरा के थाना गोवर्धन के अंतर्गत राधा कुंड पुलिस चौकी के समीप गांव जुलहेंदी के पास पेट्रोल पंप का है जहा भारत नेशन चैनल के पत्रकार औम प्रकाश गाडी मे पेट्रोल डलवाकर लौट रहे थे उसी समय रास्ते मे एक होटल पर गुड्डू पुत्र बंसी से बात करने लगे इतनी देर में वहां देवेंद्र पुत्र किशन दास ने आकर के ओमप्रकाश लवानिया पत्रकार को गाली गलौज करते हुए अभृदता करनी शुरू कर दी की ओर जान से मारने की धमकी देते हुए कहने लगा तू बहुत न्यूज चलाता है अपराधियों की ...अब हम बताएंगे की कैसे न्यूज निकलती है किसी तरह वहा से जांनबचाकर निकलकर पत्रकार राधा कुंड चौकी पहुंचा और लिखित तहरीर देकर ओमप्रकाश लवानिया पत्रकार ने पुलिस-प्रशासन से कार्यवाही की गुहार लगाई, पीड़ित पत्रकार और उसके परिवार को जान माल का भी खतरा है।

# पांच दिन बंद रहेगा चौमुहा सियाना रेलवे फाटक

अमन लेखनी समाचार



मथुरा में रेलवे के पीटूआरएस कार्य के चलते चौमुहा स्थित चौमुंहा सियाना रेलवे फाटक 537 25 जुलाई से 30 जुलाई तक बंद रहेगा इससे बड़ी आबादी प्रभावित होगी सुबह 8:00 बजे से फाटक को बंद कर दिया जाएगा जो शाम को 4:00 बजे तक बंद रहेगा हालांकि इसके लिए एक वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की गई है सीनियर सेक्शन इंजीनियर होडल उपेंद्र कुमार ने बताया कि 536 या 539 गेट से आप जा सकते हैं इस कार्य को करने के लिए लगभग 80 लोगों की मजदूर लग रही है यह एक बेहद सूक्ष्म कार्य हैसीनियर सेक्शन इंजीनियर उपेंद्र कुमार ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वह पांच दिनों तक वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें और कार्य के लिए उन्हें जो आवश्यकता हो रही है उसके लिए उन्हें खेद है हालांकि जल्द कार्य पूरा किए जाने के बाद यह रास्ता खोल दिया जाएगा

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने दी ग्राम पंचायत लोरिहा पट्टी को विकास कार्यों की सौगात

**पंचायत निधि से 10 लाख रुपए के सीसी निर्माण कार्य का किया शिलान्यास**

अमन लेखनी समाचार



मथुरा।ग्रामीण अंचलों में विकास की गंगा बहाने वाले जिला पंचायत अध्यक्ष ने आज ग्राम पंचायत लोरिहा पट्टी में 10 लाख रुपए की लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। जिसमें सीसी सड़क निर्माण शामिल है।यह निर्माण कार्य श्रीचौधरी अपनी जिला पंचायत निधि से करवाया है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सभी वर्गों का विकास हो रहा है।प्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता गरीब, किसान और ग्रामीणों का विकास करना है। विकासशील योजनाओं के क्रियान्वयन से पूरे प्रदेश की दशा और दिशा में आमूलचूल परिवर्तन आया है।शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत लोरिहा पट्टी की सम्मानित सरदारी ने जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी का फूलमाला, पटुका, स्वाफा और चांदी का मुकुट पहनाकर आत्मीयता और स्नेह दिया।जिपंअ ने सम्मान एवं स्वागत पाकर कहा भव्य स्वागत के लिए समस्त सरदारी का हृदय से बारंबार आभार व्यक्त करता हूँ। आपका यह प्रेम और आशीर्वाद ही मेरी ऊर्जा है। आप सभी के मान-सम्मान में कोई कमी नहीं आएगी।विकास कार्यों को और तेजी से कर सभी के सम्मान को इसी प्रकार बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सीसी सड़क की लागत करीब 10 लाख रुपए है।इस अवसर पर वेद प्रधान, प्रताप सिंह राणा प्रधान, केशव पहलवान एवं सम्मानित सरदारी उपस्थित रहे।

# राधाकुंड में डकैती के बाद अधेड़ की गला दबाकर हत्या

**बुधवार की देर शाम घर में पहुंचे साधु को मृतक मिला**

- लाखों के आभूषण, दो दो पहिया वाहन भी ले गए
- सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार/ अमन मिश्रा



विनोद कृष्ण दास पांडे, मृतक

राधाकुंड। राधाकुंड बघेल मोहल्ला कुंजेरा रोड की समीप बनी गोपी बिहार कॉलोनी में बुधवार की देर शाम अधेड़ व्यक्ति के हाथ पैर बंधे मिलने पर सनसनी फैल गई। बदमाश घर के अंदर से ठाकुर सहित उनके लाखों रुपये के आभूषण भी ले गए। अंदर से दो पहिया दो वाहन भी गायब हैं।घटना के बाद पुलिस जांच में जुटी है। घटनाक्रम के अनुसार विनोद कृष्ण दास पांडे (56) पुत्र गणेश दत्त पांडे उत्तराखंड के रहने वाले थे।आस्था में बीते करीब 25 वर्ष से राधाकुंड में रहकर भजन पूजा परिक्रमा करते थे। विगत करीब 8 महीने से अपने भाई के मकान में रह रह रहे थे।बुधवार को पूरे दिन जब उनके घर में हलचल नहीं हुई तो सबसे पहले बुधवार की शाम गेट के अंदर विष्णु दास बाबा घुसे तो देखा ठाकुरजी के सामने बनी ओपन किचन में विनोद का शव पड़ा देखा। वह उल्टा पड़े थे और पीठ के पीछे हाथ पैर बंधे थे। उन्होंने बाहर आकर शोर मचाया और सूचना राधाकुंड चौकी को दी।इसके थाना प्रभारी रवि त्यागी, सीओ अनिल कुमार सिंह, एसपी देहात सुरेश चंद रावत सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए। फॉरेन्सिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### कॉलोनी में शिक्षा गुरु थे विनोद कृष्ण दास

राधाकुंड। राधाकुंड की गोपी बिहार कॉलोनी वीआईपी मानी जाती है।इस कॉलोनी में दर्जन भर से ऊपर मकान बने हैं। विनोद राधाकुंड की पाल कालोनी से अपने भाई के मकान में रहकर भजन साधना करते थे । उनके पिता भी धार्मिक भावना से रहते थे।बताया कि कॉलोनी में सबके शिक्षा गुरु थे।लोग उन्हें अपना गुरु जैसा ही मानते थे और वे सबको राधारानी की भक्ति करने की कहते थे

# मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली:घरों की रैकी कर करता था चोरी

- मेरठ में दर्ज हुआ था मुकदमा

अमन लेखनी समाचार




नोएडा, चोरी की स्कूटी से रैकी कर घरों में चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का सरगना सेक्टर-24 थाने की पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गया। बदमाश के खिलाफ दिल्ली और मेरठ समेत अन्य जिलों और राज्यों में 12 मुकदमे विभिन्न धाराओं में दर्ज हैं।बदमाश के पास से चोरी की स्कूटी, तमंचा और कारतूस समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। एसीपी स्वतंत्र सिंह ने बताया कि शाम सात बजे के करीब सेक्टर-24 थाने की पुलिस थाना प्रभारी की अगुवाई में सेक्टर-54 स्थित एलिवेटेड के नीचे चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एनटीपीसी की तरफ से एक स्कूटी सवार आता हुआ दिखाई दिया।पुलिस टीम ने जब उसे रुकने का इशारा किया तो वह पास के जंगल की तरफ भागा। पुलिस टीम उसका पीछा करने लगी। इसी दौरान स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर गई। खुद को घिरा देख स्कूटी सवार बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया।जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह वहीं पर घायल होकर गिर गया। घायल बदमाश की पहचान बुलंदशहर के जहांगीराबाद निवासी जितेंद्र के रूप में हुई है।वर्तमान में वह दिल्ली के न्यू अशोकनगर में रह रहा है। बदमाश के पास से जो स्कूटी बरामद हुई है उसे उसने दिल्ली से चुराया था।इस संबंध में स्थानीय थाने में केस भी दर्ज है। जितेंद्र ने नोएडा के अलावा दिल्ली, मेरठ और बुलंदशहर में भी कई वारदात की है।सोमवार को भी वह सेक्टर-24 थानाक्षेत्र स्थित एक घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला था।कम उम्र में जितेंद्र नशा करने लगा था। नशेड़ियों के संपर्क में वह किशोरावस्था में ही आ गया था।पढ़ाई उसने की नहीं।जब जितेंद्र 18 साल का हुआ तो उसके पिता की मौत हो गई। नशे की लत को पूरा करने के लिए इसके बाद जितेंद्र लोगों के पैसे चुराने लगा।सौ या दो सौ रुपए की चोरी होने के कारण शुरूआत में लोग जितेंद्र के खिलाफ केस नहीं कराते थे। डांट डपट कर ही काम चला लेते थे। जब नशे की लत बढ़ती चली गई तो जितेंद्र बंद घरों में रैकी कर चोरी की वारदात करने लगा। उसके खिलाफ पहला मुकदमा दस साल पहले 2015 में मेरठ के एक थाने में लिखा गया। वहीं से वह पहली बार जेल भी गया।

जेल में जब वह बंद था तो वहां के अन्य अपराधियों ने जितेंद्र को चोरी के नए-नए तरीके बताए। जेल से बाहर आने के बाद वह घरों में चोरी करने के साथ ही दो पहिया वाहनों की भी चोरी करने लगा।

# भैंस बांधने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े

**खूब चले लाठी डंडे आधे दर्जन से अधिक घायल**



अमन लेखनी समाचार

जनपद मथुरा के थाना फरह क्षेत्र के गांव शाहपुर में दो पक्षों के बीच मामूली कहा सुनी के बीच खूनी संघर्ष हो गया प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों पक्षों के बीच भैंस बांधने को लेकर विवाद शुरू हो गया देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि सड़क पर एक दूसरे पर जमकर लाठी डंडे चलने लगे झगड़ा खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया चीखपुकार सुन लोगो की भीड़ इकट्ठा हो गई झगड़े की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची इलाका पुलिस ने झगड़े को शांत करते हुए घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंस द्वारा अस्पताल भेज दिया और आधे दर्जन से ज्यादा अधिक लोगों को हिरासत में ले लिया थानाध्यक्ष त्रिलोकी सिंह ने बताया पर पुलिस मौके पर पहुंची है कुछ लोगों को हिरासत में लेकर जानकारी की जा रही है ।उत्पाद मचाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूल मर्जर के विरोध में सपा महिला सभा का प्रदर्शन

**शाहजहांपुर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन, बोले-रसोईयों को बहाल कर नियुक्ति दें**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, सरकार के स्कूल मर्जर फैसले के खिलाफ समाजवादी पार्टी महिला सभा ने विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष किरन कठेरिया के नेतृत्व में कार्यकर्ता खिरनीबाग रामलीला मैदान में एकत्र हुए। वहां से रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन किया। महिला सभा ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इसमें प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के विलय की प्रक्रिया रोकने की मांग की गई। साथ ही रसोइयों की पुनर्बहाली, उन्हें सम्मानजनक मानदेय और नियमित नियुक्ति देने की मांग भी रखी।प्रदर्शनकारियों ने आरटीई कानून का हवाला देते हुए कहा कि हर बस्ती में एक किलोमीटर के दायरे में प्राथमिक विद्यालय और तीन किलोमीटर के दायरे में उच्च प्राथमिक विद्यालय होना चाहिए। उनका कहना है कि स्कूल मर्जर से गरीब बच्चों को शिक्षा से वंचित किया जा रहा है।पदाधिकारियों ने बताया कि विलय के बाद कई बच्चों को दूर के स्कूलों में जाना पड़ रहा है। इस वजह से वे शिक्षा छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं।लगातार विरोध और बच्चों की गुहार के बावजूद सरकार अपना फैसला नहीं बदल रही है।महिला सभा ने मांगें न माने जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

# 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

- अवैध हथियार बरामद, गैंगस्टर एक्ट में था वांछित

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, थाना सेक्टर-142 पुलिस ने 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश रोहित कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को यह कामयाबी सेक्टर-140 सर्विस रोड के पास मिली।यह कार्रवाई मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर की गई।गिरफ्तार आरोपी की पहचान रोहित कुमार पुत्र बीरबल सिंह के रूप में हुई है, जो एक शातिर अपराधी है। पुलिस के अनुसार वह अवैध हथियार रखने और चोरी की वारदातों में शामिल रहा है।उसके पास से एक अवैध हथियार भी बरामद किया गया है।पुलिस ने बताया कि सितंबर 2024 में रोहित को एक मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया था।इसके बाद 18 फरवरी 2025 को उस पर गैंगस्टर एक्ट भी लगाया गया, लेकिन वह तब से फरार चल रहा था।उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमों को लगाया गया था।पूछताछ में रोहित ने खुलासा किया कि वह अपने साथी अनिल के साथ मिलकर ई-रिक्शा चोरी करता था।ये लोग रिक्शा किराए पर लेते और फिर सुनसान जगह पर किसी बहाने से रोककर हथियार के बल पर रिक्शा लूट लेते थे।इसके बाद रिक्शा को कबाड़ में या अन्य लोगों को बेच देते थे।नोएडा के थाना सेक्टर-142 में रोहित पर मामला दर्ज है।इसके अलावा दिल्ली में भी इसके खिलाफ मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया चल रही है। पुलिस अब उसके साथी अनिल और चोरी के रिक्शा बेचने वाले गिरोह की तलाश में जुटी है।

## पति ने पत्नी को मारपीट कर किया घायल

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। कस्बे में गुटखा फैक्ट्री के समीप रहने वाली एक महिला ने पति पर शराब पीकर मारपीट करने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर सौंपी है। गुटखा फैक्ट्री के समीप रहने वाली राधा ने बताया कि उसका पति विपिन कुमार शराब का लती है और शराब पीकर आए दिन मारपीट करता है। बीती रात उसने शराब पीकर जमकर पीटा जिससे उसे गंभीर चोंटे लगी है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंपी है।

## विरक्त आश्रम की झील में दिखा विशालकाय सर्प, लोगों में दहशत

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। कस्बे के विरक्त आश्रम में बनी वाटर झील में शाम को अचानक भारी सर्प नजर आने पर लोगों में भगदड़ मच गई। सूचना पाकर पहुंची वन विभाग की टीम को सर्प नजर नहीं आया और अंधेरा होने की बात कह कर लौट गई। गायत्री तपोभूमि के विरक्त आश्रम में एक वाटर झील बनी है। इसके मध्य में मां यमुना की मूर्ति स्थापित है। सुबह शाम इस वाटर झील के आसपास लोगों का अच्छा खासा मजमा लगता है। बुधवार की शाम यहां अच्छी खासी भीड़ थी। तभी अचानक एक बड़ा सा सर्प झील में तैरता देखकर लोगों में भगदड़ मच गई। लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। लेकिन टीम को सर्प नहीं दिखा और वह अंधेरा होने की बात कह कर वापस लौट गई।

## झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी उमस से मिली राहत

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। चार दिन बाद गुरुवार को शाम 4:30 बजे के बाद मौसम ने फिर से अचानक पलटी मारी और झमाझम बारिश होने से उमस और गर्मी से जूझ रहे लोगों को राहत मिली। बारिश होने से धान किसान ने राहत की सांस ली है। चार दिन बाद मौसम एक बार फिर मेहरबान हुआ। शाम 4:30 बजे झमाझम बारिश होने से लोगों को गर्मी से साथ उमस से राहत मिली और मौसम खुशनुमा हो गया। अचानक हुई बारिश ने धान किसानों को बड़ी राहत दी है। किसान पप्पू शर्मा, धीरेंद्र यादव, अनूप कुमार, विनय यादव, छोटेलाल पाल, मानसिंह भदौरिया ने बताया कि मौसम बदलाव होने के कारण दोपहर के समय खेतों में धान रोपने के लिए पानी गर्म हो रहा था यह फसल के लिए घातक है। बारिश होने से बदलाव हुआ है खेतों से भरा पानी जहां ठंडा हुआ है। वहीं मौसम में आई नमी से राहत मिली है।

## पति सहित पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। विवाहिता ने पति सहित देवरों और सास ससुर पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछा निवासी अमन बानो पुत्री मुबीन खान ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका विवाह 2021में मांचा निवासी हबीब अली पुत्र यूनुस अली उर्फ करिया हुजूर के साथ हुआ था शादी के छः महीने तक तो सब कुछ सही चलता रहा लेकिन उसके बाद उसका पति और देवर पांच लाख रुपए और चार पहिया गाड़ी की मांग करने लगे तब से वह अपने मायके में रह रही है इस दौरान उसकी तीन साल की बेटी भी है।

# अन्नप्राशन व गोद भराई कार्यक्रम के जरिए दिए सेहतमंद रहने के मूल मंत्र

### गर्भवती व धात्री माताओं को स्तनपान के फायदे बताने के साथ डायरिया प्रबंधन के भी दिए जरूरी टिप्स

अमन लेखनी समाचार



मुरादाबाद। जनपद के ग्राम पंचायत मोरा मुस्तकम में बृहस्पतिवार को समुदाय आधारित गतिविधि के तहत अन्नप्राशन और गोदभराई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर आशा और आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने गर्भवती महिलाओं व धात्री माताओं को स्तनपान के फायदे बताने के साथ ही डायरिया रोकथाम और प्रबन्धन के बारे में भी जागरूक किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राजेश कुमारी, ममता एवं आशा संगिनी मीरा शर्मा ने हाथों की सही तरीके से साफ-सफाई और उसके फायदे के बारे में भी गीत के माध्यम से आकर्षक ढंग से बताया, जो महिलाओं को खूब पसंद आया। सांप-सीढ़ी खेल के माध्यम से डायरिया के कारण, बचाव, उपचार, रोकथाम और प्रबन्धन के बारे में भी विस्तार से बताया गया।इस मौके पर आशा और आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने कहा कि बारिश और उमस के दौरान डायरिया के मामले बढ़ जाते हैं। डायरिया का सही इलाज ओआरएस का घोल और जिंक के टेबलेट हैं, जिन्हें उम्र के अनुसार निश्चित अवधि और निश्चित मात्रा में लेना बहुत जरूरी होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिले में 31 जुलाई तक डायरिया रोको अभियान चलाया जा रहा है। डायरिया रोको अभियान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू भी ह्यडायरिया से डर नहींह्न कार्यक्रम के माध्यम से सहयोग कर रहे हैं। समुदाय में डायरिया के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य के साथ ही बच्चों में डायरिया की रोकथाम, ओआरएस व जिंक के उपयोग को प्रोत्साहन और जनसामान्य में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए आज अन्नप्राशन और गोद भराई कार्यक्रम में इस जागरूकता गतिविधि को भी शामिल किया गया।इस मौके पर छह माह पूरा कर चुके चार शिशुओं का अन्नप्राशन किया गया और बताया गया कि छह माह तक शिशु को सिर्फ और सिर्फ मां का दूध देना चाहिए। छह माह पूरे करने के बाद शारीरिक और मानसिक विकास के लिए पूरक आहार देना जरूरी होता है। इसके तहत घर का बना साफ और ताजा मसला हुआ भोजन देना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को बताया गया कि गर्भावस्था के दौरान वह अपने साथ ही गर्भस्थ की बेहतरी के लिए खानपान का पूरा ख्याल रखें।

# कजली मेला की रूपरेखा तैयार किये जाने को लेकर डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार



महोबा। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 10 से 16 अगस्त तक आयोजित होने वाले कजली मेला 2025 की रूपरेखा तैयार किये जाने हेतु महोबा संरक्षण एवं विकास समिति की कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित साहित्यकारों एवं गणमान्य नागरिकों से कहा कि जनपद की सांस्कृतिक विरासत एवं ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को संरक्षित रखने तथा जनपद वासियों को इसके संबंध में पूर्ण जानकारी दिलाए जाने के संबंध में तथा परंपरागत कजरी महोत्सव के अंतर्गत इस कजली मेला का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद में आल्हा ऊदल की ऐतिहासिक कर्मभूमि एवं अनेकों ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर हैं जिनके बारे में लोगों को जानकारी दिलाए जाने हेतु कजरी महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिदिन किसी न किसी रूप से कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को इसके बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही कजरी महोत्सव में अन्य सांस्कृतिक दलों व विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के कार्यक्रम तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन गुणवत्तायुक्त एवं सुंदर तरीके से कराया जाएगा जिससे कि लोगों को स्वच्छ एवं बेहतर मनोरंजन के साथ ही उनके ज्ञान में जनपद की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संबंध में वृद्धि हो सके। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका महोबा को निर्देशित करते हुए कहा कि कजली मेला स्थल में बिजली, पानी शौचालय एवं वाहन पार्किंग व्यवस्था सुनियोजित तरीके से की जाये, जिससे लोगों को समस्या न हो। उन्होंने कहा कि दुकाने आवंटित करने में पारदर्शिता बरती जाये। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय, बुंदेली को प्राथमिकता दी जाये, इसके अलावा प्रदेश की विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं की भी प्रस्तुति की जाये। शासन की योजनाओं की जानकारी देने हेतु विभागीय प्रदर्शनी लगायी जाये। व्यापारियों ने अपने-अपने सुझाव जिलाधिकारी के समक्ष रखे जिस पर जिलाधिकारी ने सभी सुझावों पर विचार करने का आश्वासन दिया।

## बीआरसी कर्मचारी ने सगाई के एक माह बाद फांसी लगा दी जान, परिजनों में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

महोबा। बुंदेलखण्ड के महोबा जिले में बीआरसी में चपरासी के पद पर तैनात युवक ने सगाई के एक माह बाद फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है । घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है जनपद के पनवाड़ी कस्बा के मुहाल जंटपुरा निवासी अनिकेत उम्र 23 ने बुधवार की रात घर में फांसी लगा कर अपनी जान दे दी। बताया जा रहा है कि रात में बेटे को फांसी के फंदे से लटकता देख मां सुधा की चीख निकल गई। शोर शराबा सुन पड़ोसियों ने युवक को फंदे से उतार उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार मृतक के पिता की 7 साल पहले मौत हो गई थी । मृतक को 2 साल पहले अनुकंपा पर नौकरी मिली थी और वह तीन भाई बहनों में सबसे बड़ा था। जिसकी एक माह पूर्व सगाई हुई थी और शादी की तैयारी चल रही थी। घटना के बाद मृतक की मां सुधा, छोटे भाई विक्रम (21) और बहन वंशिता (19) का रो रोकर बुरा हाल है।

## छह दिन पूर्व भांजी से पत्नी बनी युवती ने लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। रिश्तों को शर्मसार करके मामा भांजी के पवित्र रिश्ते को कलंकित करने के उपरांत दबाव में मंदिर में शादी रचाकर घर ले जाने वाले तथाकथित पति ने दहेज के लिए पत्नी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया है। पीडिता ने उत्पीड़न का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्ते के मामा ने भांजी को गर्भवती कर दिया था। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर मामा ने शादी करने का लिखित समझौता कर लिया था। तय समझौते के तहत 19 जुलाई को गांव के मंदिर में ग्राम प्रधान सहित अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी पर माला पहनाकर शादी संपन्न कराकर तथाकथित मामा पति के रूप में भांजे को पत्नी बनाकर घर ले गया था।

# मध्यस्थता केंद्र में दोनों पक्ष आपसी मतभेद भुलाकर एक साथ रहने को हुए तैयार

अमन लेखनी समाचार



महोबा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के अनुक्रम में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के तत्वावधान में सम्पूर्ण राष्ट्र में 1 जुलाई 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान मे विभिन्न प्रकृति जैसे वैवाहिक वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, घरेलू हिंसा के मामले, चैक बाउन्स के मामले, वाणिज्यिक विवाद के मामले, सेवा विवाद के मामले, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले, ऋण वसूली के मामले, सम्पत्ति के बंटवारें से सम्बन्धित मामले, बेदखली से सम्बन्धित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले एवं अन्य उपयुक्त दीवानी मामलों को मध्यस्थता हेतु सन्दर्भित कर निस्तारण कराया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत आज एक पारिवारिक वाद में पति अतुल चंचैदिया व पत्नी प्रीति त्रिपाठी के बीच सुलह मध्यस्थत अधिवक्ता राकेश कुमार पटैरिया के प्रयास से करायी गयी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा बताया गया कि दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति तथा शान्ति से जीवन व्यतीत करने का आश्वासन दिया गया है। दोनों पक्ष आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने को तैयार हुए तथा आगे भविष्य में खुशहाल जीवन व्यतीत करने का भरोसा दिलाया। इसके साथ ही कृष्ण कुमार आदि बनाम शम्भू महाविद्यालय आदि तथा रवि वनाम शम्भू महाविद्यालय आदि से सम्बन्धित दो सिविल वादो का निष्तारण मध्यस्थत अधिवक्ता केशव चन्द्र शुक्ला के द्वारा कराया गया। तेन्द्र पाल अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि उक्त मध्यस्थता अभियान का उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण कराना है। साथ ही यह भी बताया कि 1 जुलाई 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के अन्तर्गत मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में सुलह योग्य लम्बित प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में मध्यस्थता केन्द्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संदर्भित कराते हुए सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराये।

## श्रावण मास के साथ कांवड़ यात्रा की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं पर की गई चर्चा

अमन लेखनी समाचार



महोबा। अपर एसपी वंदना सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सर्किल सदर अंतर्गत सभी थानों के विवेचकों का अर्दली रूम क्षेत्राधिकारी सदर की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित विवेचनाओं का शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु संवेदनशील स्थानों पर सतत निगरानी व गश्त बढ़ाई जाए।महिला अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई, पीड़ितों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण एवं शीघ्र विवेचना सुनिश्चित की जाए।जनसुनवाई के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए रात्रि गश्त को और अधिक सक्रिय, प्रभावी एवं क्षेत्रवार रणनीति के साथ संचालित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विशेष रूप से श्रावण मास व कांवड़ यात्रा की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। सभी थानों को निर्देशित किया गया कि कांवड़ मार्गों पर सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन, बैरिकेडिंग, चिकित्सा सहायता को लेकर समुचित समन्वय किया जाए श्रद्धालुओं की भीड़, धार्मिक स्थलों व रात्रि विश्राम स्थलों पर पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाए। ड्रोन, सीसीटीवी व लोकल इंटेलिजेंस के माध्यम से सतर्क निगरानी रखते हुए असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखने के निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि श्रावण मास व कांवड़ यात्रा के दौरान जनसुरक्षा, शांति एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

# विधिक साक्षरता शिविर में बाल विवाह को पुर्णतयः खत्म करने को लेकर रखे गए विचार

अमन लेखनी समाचार



महोबा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में पी0एल0वी0, पेनल लॉयर तथा मध्यस्थता अधिवक्तओं के साथ मीटिंग तथा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें समस्त पराविधिक स्वयं सेवक, अधिवक्तागण व अन्य लोग मौजूद रहे। मीटिंग में राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के अलावा महिलाओं से सम्बन्धित कानूनों व उनसे सम्बन्धित कई महत्वपूर्ण विषयों में चर्चा की गयी। राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान को सफल बनाने हेतु समस्त आगन्तुको से इस अभियान में बढ-चढ कर प्रचार-प्रसार करने तथा जरूरतमन्द व्यक्तियों तक इस अभियान के बारे में पहुंच सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया गया तथा बताया गया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के तत्वावधान में सम्पूर्ण राष्ट्र में 1 जुलाई 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान मे विभिन्न प्रकृति जैसे वैवाहिक वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, घरेलू हिंसा के मामले, चैक बाउन्स के मामले, वाणिज्यिक विवाद के मामले, सेवा विवाद के मामले, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद के मामले. ऋण वसूली के मामले, सम्पत्ति के बंटवारें से सम्बन्धित मामले, बेदखली से सम्बन्धित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले एवं अन्य उपयुक्त दीवानी मामलों को मध्यस्थता हेतु सन्दर्भित कर निस्तारण कराया जा रहा है। बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत बेसहारा बच्चों के आधार कार्ड बनाये जा रहे हैं जिसमें बताया गया कि देश में बाल विवाह प्रथा पूर्णतयः समाप्त नहीं हुयी है, जिसके सम्बन्ध में आशा प्रोग्राम के माध्यम से ऐसे परिवारों को जागरूक किया जायेगा, उन्हे इस प्रकार कार्यो में लिप्त होने से बचाया जा सके तथा जो लोग बाल विवाह करा रहे हैं उन्हें कानूनी रूप से दण्डित भी किया जायेगा ताकि समाज में बाल विवाह को पुर्णतयः खत्म किया जा सके। इसके अतिरिक्त बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, चाइल्ड ट्राफिकिंग, कन्या भ्रूण हत्या, महिलाओं के अधिकार व उनके स्वास्थ्य सम्बन्धी विभिन्न कानूनी, सामाजिक प्रभावों एवं लाभों के बारे में जानकारियां प्रदान की गयी। साथ ही उपस्थित महिलाओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 एवं बच्चों का लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) 2012 व महिलाओं का घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005 तथा पूर्वगभार्धान और प्रसव पूर्व निदान तकनीकि पी0सी0पी0एन0डी0टी0 अधिनियम 1994 तथा नालसा हेल्प लाइन नं0 15100 के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के बारे में बताया गया जिसके अन्तर्गत सम्पूर्ण विधिक सेवा कार्यक्रम जो आज भी अनवरत रूप से चल रहा है तथा बताया गया कि इसके अन्तर्गत पीड़ित, गरीब परिवारों को निःशुल्क सहायता प्रदान की जाती है।

# युवक ने निजी अस्पताल पर लगाया डिलेवरी में पैकेज से अतिरिक्त रुपए की डिमांड का आरोप

### डिमांड पूरी ना कर पाने पर अस्पताल कर्मचारियों ने युवक के साथ की मारपीट, घायल

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। पत्नी की डिलेवरी को लेकर पति ने एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवाया था।जहाँ बताए गए पैकेज से अतिरिक्त रुपयों की डिमांड पूरी ना कर पाने पर अस्पताल के कर्मचारियों ने युवक के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दे दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर सौंप न्याय की गुहार लगाई है।सदर कोतवाली क्षेत्र के पुराना बेतवा घाट निवासी कुलदीप पुत्र राम नारायण सोनकर ने सदर कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाते हुए बताया कि उसने 21 जुलाई को अपनी पत्नी के प्रसव को लेकर मुख्यालय के ब्रजराज हॉस्पिटल में 15 हजार रुपए के बताए गए पैकेज पर उसे भर्ती कराया था।भर्ती होने पर उसने 10 हजार जमा किए थे।इसके बाद उसने पांच हजार रुपए और जमा कर दिए थे।गुरुवार को अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा टोटल 55 हजार रुपए जमा करने की डिमांड की जिस पर कुलदीप ने बकाया रुपए देने से इनकार किया तो अस्पताल कर्मचारियों ने उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दे डाला। जिससे पीड़ित को गंभीर चोटें आई है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।वहीं बृजराज हॉस्पिटल के डॉ. केके लाक्षाकार ने इन आरोपों को निराधार बताया है।बताया कि कई जगह से सिफारिश के बाद 15 हजार रुपये प्रसव के और 5 हजार रुपये दवा के लेना तय हुआ था।उन्होंने शिकायत कर्ता कुलदीप पर नशे में अस्पताल आकर प्रबंधक से बदतमीजी करने का आरोप लगाया है। वहीं सदर कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि मामले की जाँच प्रचलित है। जाँच रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# पंचायत चुनाव के लिए 2021 में निर्धारित हुई सीटों पर ही होगा चुनाव

### संभावित उम्मीदवारों की गतिविधियों में आई तेजी

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। पंचायत चुनाव 2021 की तर्ज पर ही ब्लॉक में होगा। ब्लॉक की एक भी सीट कम ज्यादा नहीं होगी। महज आरक्षण में बदलाव के अलावा चुनाव पूर्व की सीटों पर ही होगा। यहां परिसीमन में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वर्ष 2021 में ब्लॉक की 57 ग्राम पंचायत में प्रधान पद के चुनाव कराए गए थे। इन 57 ग्राम पंचायत में कुछ 741 ग्राम पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए। ब्लॉक में जिला पंचायत कुल चार सीट हैं। इनमें छानी,पौथिया, टेढ़ा सीट में ब्लॉक की ग्राम पंचायत शामिल है। जबकि इंगोहटा की सीट में ब्लॉक के अलावा मौदहा ब्लाक की एक दर्जन पंचायत शामिल भी शामिल है। इस सीट पर दोनों ब्लॉकों के मतदाता वोट करके जिला पंचायत सदस्य बनाते हैं। ब्लॉक में कुल 84 क्षेत्र पंचायत सदस्य बनते हैं। प्रस्तावित 2026 के चुनाव में बीच 84 सदस्य निर्वाचित होंगे। 2021 के पंचायत चुनाव में नजर डाली जाए तो ब्लॉक प्रमुख का चुनाव सपा ने कड़े मुकाबले में जीत हासिल की थी। दो वर्ष बाद ब्लॉक प्रमुख जय नारायण सिंह यादव सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। तब से अब तक भाजपाई हैं। जिला पंचायत सदस्य सीटों की बात की जाए तो चार सीट में से पौथिया सीट भाजपा, टेढ़ा सीट बसपा एवं छानी सीट सपा ने जीत हासिल की थी। इंगोहटा सीट पर निर्दलीय ने बाजी मारी थी। बाद में यह निषाद पार्टी में शामिल होकर जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव लड़े थे। अब जब यह स्पष्ट हो चुका है कि परिसीमन में कोई बदलाव नहीं होगा और 2021 में निश्चित हुई सीटों पर घमासान होगा। अब लोगों की निगाहें आरक्षण की ओर टिक गई है। आरक्षण होने के बाद संभावित उम्मीदवारों के मैदान में उतरने की राह तय होगी। इसके बाद संभावित उम्मीदवारों की सक्रियता बढ़ जाएगी। यह सुबह-शाम गांव की गलियों में घूम कर लोगों को का हाल-चाल पूछने के साथ अपनी मजबूती का आकलन भी करने लगे हैं। जैसे ही आरक्षण लागू होगा। यह मैदान में आकर ताल ठोकने लगेंगे। खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार ने बताया की 2021 में निर्धारित की गई सीटों पर ही चुनाव होगा। 2026 के चुनाव के लिए सीटों की संख्या में कोई बदलाव फिलहाल नहीं हुआ है।

# जीएसटी अधिकारियों के शोषण से परेशान व्यापरियों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

महोबा। व्यापारी संगठन के जिलाध्यक्ष भागीरथ नगायच के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा गया जिसमें कहा है कि जीएसटी अधिकारियों द्वारा धारा 79 के आधार को लेकर शोषण किया जा रहा है इसके साथ ही सचल दल द्वारा छोटी छोटी भूलवश गलती पर भारी जुमार्ना लगाया जा रहा है। जीएसटी के अधिकारियों द्वारा गलत तरीके से एसआईवी की जा रही है। ज्ञापन देने में उप्र उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री शिवकुमार सोनी, जिला प्रभारी रवि साहू, जिला महामंत्री उमेश लाक्षाकार, महिला जिलाध्यक्ष रोली गुप्ता, महिला महामंत्री अनिता शर्मा, गल्ला व्यापार मंडल के अध्यक्ष भूपेंद्र साहू, राकेश गुप्ता, बल्लू पुरवार, नगर अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, युवा नगर अध्यक्ष अमित सोनी, नगर महामंत्री विजय साहू, कोषाध्यक्ष विजय पाटकार, रेडीमेड ट्रेड से सुशील गुप्ता, किराना अध्यक्ष सुरेश शुक्ला, बर्तन ट्रेड अध्यक्ष भानू प्रताप ताम्रकार बीरू ताम्रकार टेलर एसोसिएशन से भरोसी अनुरागी, अनिल चौरसिया, हरिशंकर अग्रवाल, राजकुमार चंसोरिया, विनोद चौरसिया सहित व्यापार मंडल के तमाम पदाधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

## प्राइवेट क्लीनिकों पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मारा छापा, तीन दिन में मांगा स्पष्टीकरण

### अवैध रूप से संचालित दवाखानों और झोलाछाप डॉक्टरों में मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार




महोबा जिलाधिकारी गजल भारद्वाज और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशाराम के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर के अधीक्षक डॉ. पवन राजपूत ने गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ अजनर क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की। यह छापे चाँदसी दवाखाना समेत कुल आठ निजी क्लीनिकों पर मारे गए।कार्रवाई के दौरान कई केंद्रों में अनियमितताएं पाई गईं, जहां बिना किसी वैध प्रमाणपत्र के इलाज किया जा रहा था। डॉ. पवन राजपूत ने संबंधित संचालकों को तीन दिन के भीतर समुचित दस्तावेज प्रस्तुत करने और स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। दस्तावेज न मिलने या संतोषजनक जवाब न मिलने की स्थिति में विधिक कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। स्वास्थ्य विभाग की इस सख्ती से क्षेत्र के अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों और झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि इससे फर्जी इलाज और लापरवाही की घटनाओं पर अंकुश लगेगा।

अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## वॉर 2 के ट्रेलर रिलीज से पहले दीवाने हुए एनटीआर के फैंस

**मुंबई।** मेकर्स 25 जुलाई को वॉर 2 का ट्रेलर रिलीज करने जा रहे हैं। ऐसे में ट्रेलर को लेकर लोगों में जबरदस्त क्रेज बना हुआ है। फिल्म के ट्रेलर से पहले अब जूनियर एनटीआर के फैंस काफी एक्साइटेड हैं और उन्होंने एनटीआर के बॉलीवुड में डेब्यू को लेकर सेलिब्रेशन भी शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो और तस्वीर काफी वायरल हो रही है। जिसे एनटीआर के फैंस काफी शेयर कर रहे हैं। इसमें जूनियर एनटीआर का नाम आसमान में लिखा हुआ है। एक वीडियो सामने आया है जिसमें देखा जा सकता है आसमान में 'एनटीआर वॉर 2' लिखा हुआ है।



### लाइफ Style

## रश्मिका

### रणबीर के साथ सेल्फी के पीछे की बताई कहानी

एजेंसी ⏭ मुंबई

रश्मिका मंदाना ने 2022 में बॉलीवुड में फिल्म गुडबाय से डेब्यू किया। 2023 में रश्मिका निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल में रणबीर कपूर और तृप्ति डिमरी के साथ नजर आईं। इस फिल्म को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिली, लेकिन रश्मिका और रणबीर की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया।

रश्मिका ने बताया कि फिल्म एनिमल' के आखिरी दिन उन्होंने रणबीर कपूर से कहा, हमें एक तस्वीर लेनी चाहिए, क्योंकि वह आमतौर पर सेट पर फोटो नहीं खींचतीं। उन्होंने आगे कहा, रणबीर बहुत दयालु और सहयोगी हैं। वह मेरे लिए एक अच्छे दोस्त हैं। उस सेल्फी में रश्मिका ने नीला कुर्ता पहना था, जबकि रणबीर लंबे बाल और दाढ़ी वाले लुक में थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रश्मिका मंदाना और रणबीर कपूर जल्द ही फिल्म एनिमल के दूसरे भाग एनिमल पार्क में साथ नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग 2026 में शुरू होगी। यह फिल्म पहले भाग से कहीं और ज्यादा दमदार होगी। बहरहाल, फिल्म को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। रश्मिका मंदाना फिल्म द गर्लफ्रेंड में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म के अलावा रश्मिका फिल्म थामा में नजर आएंगी। इस फिल्म में रश्मिका के साथ आयुष्मान खुराना नजर आएंगे। वहीं, रणबीर कपूर निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में नजर आएंगे। इस फिल्म में रणबीर के साथ आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिका में होंगे। इस फिल्म के अलावा रणबीर फिल्म रामायण में नजर आएंगे।

### हॉलीवुड मसाला



## गानों में हैं उतार-चढ़ाव का दर्द

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर जेनिफर लोपेज चर्चा में हैं। उन्होंने इटली में 'लुक्का समर फेस्टिवल' में शिरकत की। इस दौरान ना सिर्फ अपने गाने से दर्शकों का ध्यान खींचा, बल्कि हजारों फैंस के भीड़ के सामने खुलकर अपने 'बेडरूम सीक्रेट्स' शेयर किए। उनकी बातें सुनकर किसी ने तालियां बजाई तो कोई हैरान रह गया। कुछ लोग इसे उनके एक्स हसबैंड बेन एफ्लेक से भी जोड़कर देख रहे हैं। एक सूत्र ने बताया कि जेनिफर ने एक नए एल्बम के लिए कई गाने हैं। इनमें से ज्यादातर गाने बेन एफ्लेक के साथ उनके उतार-चढ़ाव भरे रिश्ते से लिए गए हैं।



## अफेयर कांड को भुला नहीं पाए हैं क्रिस मार्टिन

**लॉस एंजिल्स।** कोल्डप्ले कॉन्सर्ट में जो 'अफेयर कांड' हुआ, उसे क्रिस मार्टिन भी भुला नहीं पाए हैं। उन्होंने हाल ही में अमेरिका में हुए कॉन्सर्ट में इसको लेकर चुटकी ली। अपनी ऑडियंस को चेतावनी भी दी कि अब 'किस कैम' किसी को बड़ी स्क्रीन पर लाने वाला है, इसलिए तैयार हो जाएं। कोल्डप्ले के बोस्टन कॉन्सर्ट के दौरान कुछ ऐसा हुआ, जो इस समय चारों तरफ वायरल है। हम बात कर रहे हैं एस्ट्रोनॉमर के सीईओ एंडी बायरन और कंपनी की एचआर प्रमुख क्रिस्टिन कैबोट की। जो एक-दूसरे की बांहों में खोए हुए थे और कॉन्सर्ट के दौरान अचानक कैमरे ने उनपर फोकस कर दिया और सिंगर क्रिस मार्टिन ने 'गलती' से उन्हें एक्सपोज कर दिया। अब क्रिस को अमेरिका के मैडिसन में कॉन्सर्ट में दर्शकों को कुख्यात 'किस कैम' के बारे में आगाह करते हुए देखा गया, वो भी मजेदार तरीके से।



## टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित होगी बयान

**मुंबई।** हुमा कुरैशी की फिल्म बयान अपनी रिलीज से पहले ही सुर्खियों में छा गई है। अब हुमा की फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में होगा। बयान को डिस्कवरी सेक्शन में चुना गया है। इस कैटेगरी में चुनी गई हुमा की बयान इकलौती भारतीय फिल्म है। टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बयान का वर्ल्ड प्रीमियर सितंबर के महीने में होगा। हुमा कुरैशी स्टारर बयान एक पुलिस थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन विकास रंजन मिश्रा ने किया है, जो इससे पहले चौरंगा लिए जाने जाते हैं। हुमा इस फिल्म में एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के रूप में भी जुड़ी हुई हैं। हुमा कके अलावा फिल्म में चंद्रचूड़ सिंह, सचिन खेडेकर, परितोष, अविजीत दत्त, विभोर मयंक, संपा मंडल, स्वाति दास, अदिति कंचन सिंह और पेरी छाबड़ा भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।



## रामायण में असमिया अभिनेत्री की एंट्री

**मुंबई।** नितेश तिवारी निर्देशित और रणबीर कपूर स्टारर फिल्म रामायण अगले साल बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। यह फिल्म दो भागों में बन रही है। इस फिल्म का बजट 4000 करोड़ रुपए बताया जा रहा है। इस फिल्म में एक असमिया एक्ट्रेस भी अहम किरदार निभा रही हैं। हाल ही में फिल्म रामायण का फर्स्ट लुक जारी किया गया। इसमें रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में नजर आए और साउथ एक्टर यश रावण के किरदार में दिखे। फिल्म में सीता माता की भूमिका में साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी है। असमिया एक्ट्रेस सुरभि दास फिल्म रामायण में उर्मिला की भूमिका में दिखेंगी। उर्मिला माता सीता की बहन हैं। उर्मिला, प्रभु राम के भाई लक्ष्मण की पत्नी भी हैं। फिल्म में उर्मिला का त्याग भी दिखाया जाएगा। लक्ष्मण का रोल फिल्म रामायण में टीवी एक्टर रवि दुबे कर रहे हैं।

### टीवी मसाला




## नए सीजन में नजर नहीं आएंगे 'क्योंकि सास भी...' के ये एक्टर्स

**नई दिल्ली।** 25 साल पहले सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' टीवी पर टेलीकास्ट हुआ, लगभग 8 साल तक यह सीरियल टीवी पर दर्शकों का मनोरंजन करता रहा। इस सीरियल से एक्ट्रेस स्मृति ईरानी तुलसी के रूप में घर-घर मशहूर हुईं। कई और एक्टर्स भी इस सीरियल से स्टार बने। 29 जुलाई को यह सीरियल अपने नए सीजन के साथ वापसी कर रहा है। इस बार भी स्मृति ईरानी तुलसी का आइकॉनिक रोल करेंगी मगर कुछ जाने-माने एक्टर्स इस सीरियल में नजर नहीं आएंगे। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी'के नए सीजन में सुधा शिवपुरी नजर नहीं आएंगी। पहले सीजन में उन्होंने बा का किरदार निभाया था। बा सीरियल में विरानी परिवार की सबसे बुजुर्ग महिला थीं, वह तुलसी के किरदार का हमेशा साथ देती थीं। पहले सीजन में ही उनकी मौत को दिखाया गया था। असल में भी सुधा शिवपुरी का निधन साल 2015 में हुआ। सीरियल में तुलसी विरानी की सास सविता का रोल अपरा मेहता ने निभाया था। वह भी नए सीजन का हिस्सा नहीं होंगी, क्योंकि पुराने वर्जन में उनकी भी मौत को दिखाया गया। तुलसी विरानी के बड़े बेटे गौतम का रोल सुमित सचदेव ने किया था। यह किरदार 25 साल पहले लड़कियों के बीच काफी पॉपुलर हो गया था। अचानक सीरियल में यह किरदार कम नजर आने लगा।

### बिग बॉस में इस बार घर वाले ही लेंगे फैसले

**नई दिल्ली।** फेमस रियलिटी शो 'बिग बॉस' का 19वां सीजन जल्द शुरू होगा। सलमान खान फिर से होस्टिंग करेंगे। उम्मीद है कि शो का प्रीमियर अगले महीने होगा। इस बार कंटेस्टेंट चुनने में दर्शकों की भूमिका होगी।



'बिग बॉस 19' का घर 20 अगस्त तक बनकर तैयार हो जाएगा। इस शो को एक बार फिर सलमान खान होस्ट करेंगे। अब तक सीजन 19 के कंटेस्टेंट बनने के लिए 45 हस्तियों से संपर्क किया गया है। जैसा कि पहले भी बताया था, 'बिग बॉस 19' का प्रीमियर 30 अगस्त को होगा और यह शो पांच महीने तक चलेगा। सलमान खान 27 और 28 अगस्त को शो के प्रीमियर के लिए शूटिंग करेंगे और 29 अगस्त को कंटेस्टेंट्स को रिकॉर्ड किया जाएगा, जिसके बाद वे घर में एंट्री करेंगे। बिग बॉस 19 की थीम रिवाइंड है, जहां घरवाले बेघर होने में अहम भूमिका निभाएंगे और दर्शक चुनेंगे कि किसे नॉमिनेट करना है। सूत्र के मुताबिक, घर के कामकाज में कंटेस्टेंट्स को पूरी आजादी होगी, राशन तय करने से लेकर कौन से काम करने हैं और कौन से नहीं, सभी फैसले घर वाले ही लेंगे और फिर बिग बॉस को बताया जाएगा।

## आमिर मेलबर्न फिल्म फेस्टिवल में फहराएंगे तिरंगा ...

**मुंबई।** अगस्त में इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) का आयोजन होने वाला है। सुपरस्टार आमिर खान इसमें बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इस फेस्टिवल में वह भारतीय तिरंगा फहराएंगे। इस फेस्टिवल में आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' की स्पेशल स्क्रीनिंग निर्धारित है। महोत्सव में सिनेमा में आमिर खान के योगदान को एक स्पेशल सेक्शन के जरिए सम्मानित किया जाएगा। इस फेस्टिवल के डायरेक्टर मितु भौमिक लांगे ने बताया 'फिल्म फेस्टिवल में राष्ट्रीय ध्वज फहराना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक भावनात्मक और एकजुट करने वाला अनुभव है। विदेशी धरती पर तिरंगा लहराते देखना भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई समुदाय के बीच फख्र का लम्हा होगा। आमिर खान के सिनेमाई नजरिए ने विश्व स्तर पर दर्शकों को प्रभावित किया है। वह इस पल का नेतृत्व करेंगे, जो हमारे लिए सम्मान की बात है।'

***बदनाम बस्ती की स्क्रीनिंग होगी*** : आपको बता दें विक्टोरिया सरकार द्वारा समर्थित आइएफएफएम, भारत के बाहर आयोजित होने वाला सबसे बड़ा भारतीय फिल्म महोत्सव है। यह सशक्त और विविध भारतीय कहानियों को प्रदर्शित करता है। इस महोत्सव में फिल्म निर्माता प्रेम कपूर की 1971 की फिल्म 'बदनाम बस्ती' दिखाई जाएगी। इस फिल्म को भारत की पहली समलैंगिक फिल्म बताया गया है।



### पूरे महोत्सव में 75 फिल्में दिखाई जाएंगी

इस साल आइएफएफएम में लगभग 75 फिल्में प्रदर्शित होंगी। यह फिल्में लिंग, नस्ल, कामुकता, विकलांगता और महिला प्रतिनिधित्व जैसे विषयों पर होगी। फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 14 से 24 अगस्त तक चलेगा।

## सैयारा के क्लाईमैक्स को देख क्यों मर-मिट रहे दर्शक

**नई दिल्ली।** सैयारा का खुमार लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। फिल्म को देख थिएटर में नौजवान आंसू बहा रहे हैं। कई तो बेहोश भी हो गए और कइयों ने मजनू वाली हरकते कीं। सैयारा के साथ-साथ नौजवान ऑडियंस भी प्यार में पागल होती दिख रही है। फिल्म के इमोशनल प्लॉट ने दर्शकों को अंदर से तोड़ दिया है, जिसका नजारा थिएटर में देखने को मिल रहा है। क्या सैयारा का क्लाईमैक्स बहुत ही ज्यादा इमोशनल करने वाला है? क्या फिल्म का अंत देख नौजवानों के दिलों को चोट पहुंच रही है? आखिर सैयारा के क्लाईमैक्स में ऐसा क्या है, जो दर्शकों को पागल कर रुला रहा है। यहां हम आपको यहां सैयारा के क्लाइमैक्स के उन 5 कारणों को बताने जा रहे हैं, जो दर्शकों को रुला रहे हैं।

**इमोशनल स्टोरी** : सैयारा रोमांटिक होने के साथ-साथ भावनात्मक कहानी भी है, जिसमें प्यार, दर्द और दिल टूटने की कहानी दिखाई जा रही है। फिल्म में नए चेहरे हैं, जिनके चेहरे पर प्यार को लेकर तड़प, बिछड़न और फिर दुख-दर्द नजर आता है और क्लाइमैक्स यही इमोशनल प्लॉट दर्शकों की मरने जैसी हालत कर रहा है।

**रिलेशनशिप** : क्लाईमैक्स उन लोगों को सबसे ज्यादा रुलाता है, जिनका प्यार मुकम्मल नहीं हो पाया या फिर कहें कि जिन्हें प्यार नहीं मिला है। रिलेशनशिप में होने के बाद भी जब प्यार कामयाब नहीं हो पाता है और बिछड़ने का डर मन में बैठ जाता है, तो वहां इंसान भावनात्मक रूप से टूट जाता है।

**अहान-अनीत की केमिस्ट्री** : प्यार में पड़े नौजवान कपल अहान और अनीत में खुद को इमेजिन कर रहे हैं और प्यार के बीच आने वाली हर उस मुश्किल और दर्द को अपना समझ रहे हैं, जिन्हें वो करीब से फेस कर चुके हैं। और तो और स्टार की लव केमिस्ट्री भी आंखें नम कर रही है।

**म्यूजिक** : क्लाइमैक्स में संगीत का ऐसा मिश्रण सुनने को मिला है, जो दिल टूटे आशिकों की आंखों में पानी ला देता है और गला रूंध जाता है।



**हैपिंग एंडिंग** : आशिकी 2 में मोहित सूरी ने एक्टर को मारकर बहुत बड़ी गलती की थी। आशिकी 2 का सबसे कमजोर पक्ष यही था, लेकिन उन्होंने यह गलती सैयारा में नहीं दोहराई। कृष और वाणी का मिलन और फिर उनकी शादी ने दर्शकों में पॉजिटिव मैसेज भेजा और फिल्म की हैप्पी एंडिंग ने भी उन्हें रोने पर मजबूर कर दिया।

### हिंदी सिनेमा में सर्वाधिक गीत लिखने का रिकॉर्ड दर्ज हैं समीर के नाम

## संगीत के लिए किसी के पास दिल नहीं, तो फिर वह पत्थर है

*नई दिल्ली। संगीतकार ऐसी चीज है जिससे हर कोई जुड़ना चाहता है। हर किसी के दिल मे संगीत होता है। अगर किसी के पास संगीत के लिए दिल नहीं है तो फिर वह दिल नहीं पत्थर है। यह कहना है भारत के दिग्गज गीतकार समीर अनजान का।*

*फिल्मी दुनिया में समीर अनजान, एक ऐसा नाम है जो किसी के लिए अनजान नहीं है। हिंदुस्तान में रहने वाले लोग उनके गीतों को सुनकर और गुनगुनाकर मोहब्बत का इजहार करते हैं। एक ऐसा गीतकार, जिसे यह कला विरासत में मिली, लेकिन उन्होंने अपने पिता की खींची गई लकीर से भी लंबी लाइन खींच दी। उनके नाम हिंदी सिनेमा में सर्वाधिक गीत लिखने का रिकॉर्ड दर्ज है। समीर अनजान ने एक बातचीत में बॉलीवुड के नेपोटिज्म, राजनीति और म्यूजिक इंडस्ट्री में अपने सफर की अनसुनी कहानियां सुनाई।*

### लोगों को मेरा असली नाम पसंद नहीं आया तो अनजान बन गया

उत्तर प्रदेश के बनारस के शीतला पांडेय कैसे समीर अनजान बने इस पर वह कहते हैं कि मेरी पहली कविता बनारस के एक प्रमुख अखबार जयदेश में प्रकाशित हुई। उस वक्त में इस अखबार को उसके ऑफिस की दीवार पर लगाया जाता था। पहली बार जब कविता लगी तो लोगों ने कहा कि शीतला पांडेय तो किसी क्लर्क या किसी शिक्षक का नाम लगता है। इसके बाद में दो-तीन कविता घर के नाम राजन से लिखीं, उस पर भी कोई रिएक्शन नहीं आया। उस वक्त मैं समीर का एक नॉवेल पढ़ रहा था। मैंने विचार किया और अगली कविता इसी नाम से लिखकर दे दी। इस पर लोगों का जबरदस्त रिएक्शन देखने को मिला। इसी से मुझे पहचान भी मिली।

### पिता नहीं चाहते थे मैं गीतकार बनूं



**आखिर पिता ने ही सिखाईं बारीकियां** : अनजान बताते हैं कि जब मैं मुंबई से अपने घर आया तो मां ने मेरी हालत देखकर पिताजी को मुंबई में खत लिखा कि बेटा मुंबई में बहुत संघर्ष कर रहा है। पिताजी को इसकी जानकारी नहीं थी। खोज खबर ली और कुछ रिश्तेदार मुझे उनके पास ले गए। उन्होंने मुझसे कई सवाल पूछे। वह समझ गए थे कि मैं मुंबई छोड़कर जाने वाला नही हूं। इसके बाद मुझे उन्होंने अपने पास रहने के लिए बुला लिया। उन्होंने संगीत लाइन की कई बारीकियों को सिखाया और समझाया। फिर कुछ दिन बाद एक ऐसा मोड़ आया कि पिताजी खुद बोले कि अब तुम तैयार हो जाओ, आकाश तुम्हारा है।

बनारस छोड़कर मुंबई पहुंचने के सवाल पर उन्होंने बताया कि पिताजी लाला जी पांडेय ने 17 साल के लंबे संघर्ष के बाद सफलता हासिल की थी। उन्होंने मुझे बोला था सबकुछ करना, लेकिन गीतकार बनने की कोशिश मत करना। पढ़ाई के बाद मेरी सरकारी बैंक में जॉब भी लग गई। इस बीच मेरा शौक परवान चढ़ रहा था। मैं सोचने पर मजबूर हो गया कि मैं बैंक में क्या कर रहा हूं? फिर मैंने जॉब छोड़ दी। इसके बाद सीधे मुंबई के लिए निकल गया।

### 5 हजार गीत लिख चुके

1983 से फिल्मों के गीत लिख रहे अनजान बताते हैं कि सबसे ज्यादा गीत लिखने का अवॉर्ड उनके नाम है। करीब 5 हजार गीत लिख चुका हूं। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी नाम दर्ज है। मोहम्मद रफी साहब को छोड़कर करीब-करीब सभी प्रमुख गायक-गायिकाएं मेरे लिखे गाने गा चुके हैं। मैं आज फिल्मी दुनिया की चौथी पीढ़ी के साथ काम कर रहा हूं। हर पीढ़ी के हिसाब से मैं खुद को बदलते आया हूं। मैंने खुद को हर समय अपडेट किया। साजन, राजा हिंदुस्तानी, कुछ कुछ होता है, जैसी कई अहम फिल्मों के गीत मेरे लिए खास हैं।